सूचकांक - **D1.1 (1)**

पत्राचार पाठ्यक्रम

माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल

(द्वारा सर्वाधिकार सुरक्षित)

डिप्लोमा इन एजूकेशन परीक्षा

द्वितीय वर्ष

प्रश्न पत्र : 23 (बारहवां) **इकाई क्रमांक- 1**

विषय : पर्यावरणीय शिक्षा (विज्ञान) एवं उसका शिक्षण

विषयांश : हमारे दैनिक जीवन में विज्ञान

उप-विषयांश : दैनिक समस्याओं के हल में विज्ञान की भूमिका, विज्ञान का दुरूपयोग, वैज्ञानिक विधियां निर्णय करने, ज्ञान प्राप्ति और समस्या हल करने में सहायक, विज्ञान की प्रगति।

विषय परिचय :-

सैकड़ों वर्षों से विज्ञान की विजय यात्रा जारी है। वैज्ञानिकों ने अपने परिश्रम से असंख्य वस्तुओं की मानव हित के लिये निरन्तर खोज की है। उसने जहां एक ओर सुख–सुविधाओं के साधन जुटाए हैं वहीं दूसरी ओर निर्माण के बजाय विनाश के कगार पर मनुष्य को लाकर खड़ा कर दिया है प्रलयकारी अणु–परमाणु अस्त्रों–शस्त्रों ने मनुष्य के जीवन में भय और भविष्य के प्रति आशंकाएं उत्पन्न कर दी हैं। ज़रा सा चूक सम्पूर्ण मानव जाति को विनाश की गर्त में धकेल सकती है।

विज्ञान ने मानव जाति के प्रत्येक क्षेत्र को प्रभावित किया है। कठिन कार्य और यात्राएं सरल और सुगम बनी हैं। व्यक्तियों के द ष्टिकोण में बदलाव आया है। अंधविश्वास का स्थान तर्क ने ले लिया है। सुई से लेकर बड़ी मशीन, हल से लेकर ट्रेक्टर एवं वायुयान से अंतरिक्षयान तक की उपलब्धियां मानव जीवन को सतत प्रभावित करती रही हैं।

विज्ञान किसी भी विषय का पक्षपात रहित क्रमबद्ध सुसंगठित व सुव्यवस्थित ज्ञान है जो भांति–भांति से सत्यापित, सुव्यवस्थित और वर्गीकृत प्रयोगों पर आधारित है।

1.1.1 दैनिक समस्याओं के हल में विज्ञान की भूमिका -

वैज्ञानिकों ने अपने परिश्रम से असंख्य वस्तुओं को मानव–जाति के हित के लिये खोज की है। यह बात अलग है कि बहुत सी वस्तुओं का प्रयोग निर्माण की जगह विनाश के लिये हो रहा है।

एक समय था जब मानव प्रकृति से भयभीत होकर उसकी अर्चना किया करता था वह उसका दास बना हुआ था वैज्ञानिक चमत्कारों एवं उपलब्धियों ने विश्व में ऐसी क्रांति उत्पन्न कर दी है कि विज्ञान के बिना अब मनुष्य का जीवन शून्य है। विज्ञान की उत्तरोत्तर प्रगति और नूतन उपलब्धियां मानव जीवन के सर्वांगीण विकास में चार चाद लगा रहे हैं।

विज्ञान की वरदायिनल शक्तियां अनन्त हैं विभिन्न भौतिक शक्तियों से मानव ने वाष्प विद्युत, गैस, ईथर और एटम जैसी शक्तियों पर विजय प्राप्त करके रेला, तार मोटर, वायुयान, समुद्री–जहाज, रेडियों, टेलीविजन, परदर्शक यंत्र, मानव के नित्य प्रतिदिन के काम में आने वाले अन्य उपकरण, यंत्र जो उसके श्रम व समय को बचाता है और सुखमय जीवन देते हैं, महान उपलब्धियों से जहां एक ओर मानव चैन की सांस ले रहा है, वहीं विद्युत पंखे, कूलर बातानुकूलित कक्षों का लाभ उठाकर आनन्दित हो रहा है। तथा ऐसी ही अनेकानेक आविष्कार हमारे नित्य प्रतिदिनों की समस्याओं के हल में अहम भूमिका निर्वाह कर रहा है, वहीं दूसरी ओर प्रलयकारी मानव विनाशक अस्त्र–शस्त्रों के कारण उसने भय, चिन्ता प्रभाव, सशंकित जीवन जीने के लिये हमें विवश कर दिया है।

1.2.2 विज्ञान का दुरुपयोग -

आज सारे विश्व के सामने तीसरे विश्वयुद्ध की घनघोर बदलिया मंडरा रही है। वैज्ञानिकों का कथन है कि विश्व में इतनी विध्वसंक सामग्री हो चुकी है कि उससे सारी प थ्वी को 15 बार समूल नष्ट किया जा सकता है। द्वितीय महायुद्ध में परमाणु बम के द्वारा जापान के दो नगरों का जो विनाश हुआ था, उसके परिणाम आज तक देखने में आ रहे हैं। अभी तक वहां के वातावरण में कैसे जहरीले तत्व वहां के निवासियों के जीवन को कुरूप बनाए हुए हैं। बड़े–बड़े युद्ध क्षेत्र पनडुब्बियां किस सीमा तक विध्वंसक हो सकती है। धुंआ और विषैली गैस उगलते कारखानों की चिमनियां, औद्योगिक प्रतिष्ठानों से बहते हुए विषैले रासायनिक उपद्रव्यों, विभिन्न प्रयोगेां व विस्फोटों के कारण बढ़ती हुई रेडियों सक्रियता से होने वाले वायु प्रदूषण एवं जल प्रदूषण से हम भली–भांति परिचित हैं। इन समस्त कारणों से उत्पन्न पर्यावरणीय संकट आज वैज्ञानिकों के सामने विकराल समस्या लेकर उपस्थित है। आज मानवता के सामने महत्वपूर्ण प्रश्न है विज्ञान का उपयोग रचनात्मक कार्यों और मानव–जीवन सुविधामय बनाने में किया जावे अथवा वैज्ञानिक उपलब्धियों का विध्वंसकारी उदेश्यों की प्राप्ति हेतु झोंक दिया जाए ? वर्तमान एवं अने वाले मानव पीड़ी को जटिल पर्यावरणीय प्रदूषण और अस्त्रों–शस्त्रों की विनाशकारी लीला से बचाने के लिये, विज्ञान और वैज्ञानिक अन्वषणों के दुरुपयोग को प्रभावशाली ढंग से रोकना होगा।

1.1.3. वैज्ञानिक विधियां - निर्णय करने, ज्ञान प्राप्ति और समस्या हल करने में सहायक-

वैज्ञानिक विधियों से किसी भी तथ्या, संबंध में निर्णय लेनें की क्षमता विकसित होती है। अनेकानेक क्रियाकलापों के माध्यम से वैज्ञानिक सोच उत्पन्न होती है। निर्णय लेने की दक्षता में योग्य होता है। प्राप्त परिणामों के आध ाार पर सामान्यीकरण किया जा सकता है। विज्ञान वह क्रमबद्ध ज्ञान है जो समुचित अवलोकर, निरीक्षण प्रयोग, अध्ययन एवं वर्गीकरण द्वारा प्राप्त होता है।

विज्ञान में समस्या का अभिज्ञान, परिभाषा, कथन परिकल्पना की रचना आंकड़ों का संकलन व्यस्थापन तथा विश्लेषण, परिकल्ना के स्वीक त या स्वीक त किये जाने का आधार व समान्यीकरण प्रमुख चरण हैं इन्हीं चरणों को अपनाकर एक वैज्ञानिक विधियों के आधार पर निर्णय लेने के योग्य हो जाते हैं ।

भोजन बनाने और अन्य घरेलू कार्यों मं हम जानें या अनजाने में विज्ञान के तरीकों का उपयोग करते हैं। खेत में काम करने वाला किसान, मिट्टी के बर्तन बनाने वाला कुम्हार भी वैज्ञानिक तरीकों का उपयोग करता है। जब कभी हम अपनी साइकल में कर्कश की आवाज सुनते हैं तब भी हम उसका कारण जानने एवं उसकी मरम्मत करने में वैज्ञानिक तरीकों का ही उपयोग करते हैं (चित्र 1.1) सबसे पहले हम यह जानने का प्रयास करते हैं कि इसकी चेन, पैडल या पहिये में से कौन सा पुर्जा आवाज कर रहा है उसके बाद हम उस पुर्जे का अच्छी प्रकार निरीक्षण करके यह फैसला करते हैं कि यह पुर्जा आवाज क्यों कर रहा है। जब हम इस बात को सुनिश्चित करते हैं कि क्या किया जाना चाहिये इस निर्णय के आधार पर हम उस पुर्जे को या तो मरम्मत करके उसी स्थान पर फिट कर देते हैं या उसे बदलने का निर्णय लेते हैं।



चित्र 1.1.

साइकल की मरम्मत करने में वैज्ञानिक तरीकों का उपयोग

वैज्ञानिक भी ठीक उसी प्रकार कार्य करते हैं। वह सबसे पहले समस्या को जानने व पहचानने के लिये जानकारी एकत्रित करते हैं इसके बाद जानकारी का गहन अध्ययन एवं निरीक्षण करते हैं आवश्यकता पड़ने पर और अधिक जानकारी एकत्रित करते हैं। वे एकत्रित जानकारी एवं संभावानाओं पर विचार करते हैं। प्रयोगों के द्वारा प्रत्येक संभावना की बार–बार जांच पड़ताज करते हैं तथा आंकड़े इकट्ठे करते हैं व गणना एवं तुलना के आधार पर निष्कर्ष निकालते हैं यदि वे अपनी विचारधारा को गलत पाते हैं तो वे गलतियों का कारण ढूंढ़ने की कोशिश करते हैं व अपनी गलतियों को सुधारतें हैं किसी भी कार्य को करने का यही वैज्ञानिक तरीका है।

याद रखिये कोई वैज्ञानिक कभी भी समुचित प्रमाणों के बिना निष्कर्ष नहीं निकालता। डॉक्टर भी एक वैज्ञानिक है जिससे हम सभी परिचित हैं। आइये ध्यन से देखें (चित्र 1.2) कि वह कैसे कार्य करता है।

1. (i) वह आपसे प्रश्न पूंछकर जानकारी एकत्रित करता है। जैसे आप कितने समय से बीमार है? आपको दर्द कहां महसूस हो रहा है? आदि–आदि।

   (ii) वह शरीर के विभिन्न अंगों की जांच करता है।

2. (i) वह ताप, नाड़ी की गति, रक्त चाप आदि नापता है।

   (ii) वह इन प्रेक्षणों को लिखता एवं ध्यान में रखता है।

3. (i) वह बीमारी के संभावित कारणों का विलेषण करता है और कुछ धारणाएँ बनाता है।

4. (i) अपनी धारणाओं के आधार पर उचित दवाइयाँ देता है।

   (ii) आवश्यकता पड़ने पर रक्त, मल व पेशाब आदि की जांच कराता है एक्सरे आदि की रिपोर्ट पर अपनी धारणाओं की पुष्टि करता है।

अंत में की गई जांचों के परिणामों के आधार पर उपचार के बारे में निर्णय लेता है।

चित्र - 1.2

वैज्ञानिक विधि के चरण

चिकित्सक द्वारा

– समस्या की प्राथमिक जानकारी ।

– समस्या संबंधी विविध सूचनाओं का संग्रहण ।

– प्राप्त सूचनाओं का विश्लेषण।

– प्रत्येक संभावना का परीक्षण।

– निष्कर्ष निर्धारण

– प्राप्त निष्कषो की सत्यता की जांच

1.1.4 विज्ञान की प्रगति :- ''विज्ञान के प्रति सकरात्मक व नकारात्मक द ष्टिकोण''

विज्ञान और तकनीकी ज्ञान में निरन्तर प्रगति के फलस्वरूप मानव जीवन के सभी पक्षों पर प्रभाव पड़ा है। पिछली शताब्दी के दौरान जीवन केहर क्षेत्र में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी ने आश्चर्यजनक प्रगत की है। चिकित्सा के क्षेत्र में चेचक, प्लेग, तपेदिक, खसरा जैसे अनेक जानलेवा रोगों के कारगर इलाज तथा रोकथाम के लिये दवाएँ बन गई हैं। इनसे एक ओर तो मानव की जीवन की अवधि बढ़ गई है लेकिन दूसरी ओर जनसंख्या व द्धि से कई तरह की समस्याएं पैदा हो गई हैं।

क षि देशों में जनसंख्या विस्फोट एक अभिशाप बन गया है। स्वतंत्रता प्राप्ती के बाद विभाजन से पहले भारत की जनसंख्या उससे दुगुनी से भी अधिक है। आंकड़ों के अनुसार भारत में प्रत्येक 1.5 सैकण्ड में एक बच्चा जन्म लेता है। इस तरह पूरे देश में एक दिन में लगभग 70,000 बच्चे जन्म लेते हैं। अनुमान लगाओं सन् 2050 में भारत की जनसंख्या कितनी बढ़ जाएगी और पड़ौसी को भी आयात स्थिति में भोजन देने की स्थिति में हैं।

क षि के क्षेत्र में आश्चर्यजनक प्रगति हुई है। अनेक फसलों का विशेषकर गेहूं और धान का उत्पादन कई गुना गढ़ गया है आजादी से पहले हमारे देश में भरण–पोषण के लिये पर्याप्त अन्न नहीं होता था हमें अक्सर अकाल का सामना करना पड़ता था, आज विज्ञान व तकनीकी के माध्यम से इतना अनाज पैदा कर लेते है कि अकाल का सामना आसानी से कर सकते हैं।

विज्ञान ने जहां मनुष्य की प्रगति में योगदान दिया है, वहीं इस प्रगति के कारण कभी–कभी परिवेश तथा मानव–जीवन के लिये खतरा भी पैदा हो जाता है, जेसे भोपाल गैस कांड, सोवियत यूनियन (रूस) की चेरनेविल प्राणघातक घटना हीरोशिमा नागासाकी की घटना आदि–आदि।

परिवर्तन एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। इसके कारण कहीं भी ठहराव नहीं आता चाहे वह प्रक ति से संबंधित हो अथवा मानव जीवन से। मानव के क्रियाकलाप तथा चिंतन पिछले हजारों वर्षों में बदलते रहे हैं। जब हम कहते हैं कि हमने उत्पत्ति के बाद बहुत प्रगति की है तो हमारा तात्पर्य होता है कि ये परिवर्तन बेहतर जीवन के लिये हुआ है। प्रगति के साथ परिवर्तन जुड़ा है। विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी में प्रगति करके हमने आज प्रक ति पर नियंत्रण कर लिया है। हम आज भी ज्ञान की खोज में लगे हुए हैं। हम प्राक तिक घटनाओं की जांच करते रहेंगे विज्ञान इसी प्रकार प्रगति करता रहेगा आज हम पाथफाइंडर को मंगलग्रह पर पहुंचाकर वहां की पूर्ण जानकारी प्राप्त कर रहे हैं एवं उसका विश्लेषण किया जा रहा है। लेकिन इस प्रगति का उपयोग बुद्धिमता एवं विवेक के साथ होना चाहिए इसका उपयोग इस प्रकार हो कि यह विश्व में मानव के रहने के लिये बेहतर स्थान बना सके।

आत्म परीक्षण प्रश्न

1. प्रत्येक प्रश्न में दिये गये चार विकल्पों में से सर्वाधिक सही विकल्प चुनकर लिखिये -

(i) वैज्ञानिक विधि में आवश्यक चरणों का उपयुक्त क्रम है –

(अ) निष्कर्ष प्राप्त करना, सूचना एकत्रीकरण समस्या पहचानना।

(ब) प्रत्येक संभावना का परीक्षण, सूचना संग्रहण, निष्कर्ष प्राप्ति।

(स) जानकारी, संग्रहण, संभावना निर्धारण, परीक्षणों के द्वारा निष्कर्ष प्राप्ति।

(द) जानकारी संग्रहण, निष्कर्ष प्राप्ति, संभावनाओं का निर्धारण।

(ii) मानव और प्रक ति के बीच संतुलन इसलिये किया गया है कि क्योंकि –

(अ) वैज्ञानिक ज्ञान का उपयोग विवेकपूर्ण ढंग से नहीं किया जाता ।

(ब) प्राक तिक संपदाओं का अंधाधुध शोषण हो रहा है।

(स) उपर्युक्त सभी बातें सही है।

(iii) भारत में जनसंख्या व द्धि को इसलिये नहीं रोका जा सकता क्योंकि –

(अ) स्वास्थ्य तथा चिकित्सा से बीमारियों पर नियंत्रण पा लिया है।

(ब) प्रत्येक 1.5 सैकण्ड में एक बच्चा जन्म लेता है।

(स) जनसंख्या व द्धि रोकने के लिये विशेष प्रयास नहीं किये गये हैं।

(द) भारतीय तदुरुस्त एवं मजबूत होते हैं

2. वैज्ञानिक विधि समझाने हेतु व्यवहारिक जीवन से सम्बंन्धित कोई समस्या का उदाहरण दीजिये?

3. विज्ञान की प्रगति, मानव जीवन को बेहतर बनाने हेतु एक आवश्क पहलू वर्णन कीजिए।

उत्तर कुंजी/ संकेत

1. (i) स (ii) ब (iii) ब

2. चित्र 1.1 एवं 1.2 से सम्बंधित अन्य कोई समस्या ली जा सकती है।

3. बिन्दु 1.1.4 को पढ़ियें समझिये एवं उत्तर लिखिये।

प इकाई (ब)

1.2 मापन, आवश्यकता, मानक इकाइयां एम. के. एस. पद्धति :– समय, ताप लम्बाई क्षेत्रफल आयतन, द्रव्यमान मापन की विभिन्न विधियां, शुद्ध मापन।

1.2.1 **मापन** -

भौतिकी यथार्थ विज्ञान माना जाता है। क्योंकि उससे हमें वास्तविक ज्ञान मिलता है। भौतिकी के हर सोपान पर हमें मापकों की आवश्यकता होती है इसलिये, भौतिकी, मापनों का विज्ञान कहलाता है। मापने के सिद्धांतों तथा मापने की कला में प्रगति के कारण माप विज्ञान भौतिकी की एक प्रमुख शाखा बन गई है। एक अज्ञात राशि की एक ज्ञात स्थिर राशि से तुलना करना ही मापन कहलाता है।

दैनिक जीवन में तथा विज्ञान के अध्ययन में मापन बहुत उपयोगी प्रक्रिया है। किसी वस्तु को केवल देखकर ही उसकी लम्बाई क्षेत्रफल, आयतन या द्रव्यमान की सही–सही माप नहीं बताई जा सकती है। आपकी ज्ञानेन्द्रियां आपको धोखा भी दे सकती है। आप सदैव अनुमान पर निर्भर नहीं रह सकते ह। सही मापन के द्वारा ही आपका निर्ण अधिक विश्वसनीय एवं सार्थक होगा।

भौतिकी में हम द्रव्य और ऊर्जा तथा उनकी पारस्परिक अभिक्रियाओं का अध्ययन करते हैं। द्रव्य का ज्ञान हम अपनी ज्ञानेन्द्रियों द्वारा करते हैं। उदाहरण के लिये, आंख द्वारा देखकर वस्तु का रंग, रूप एवं विस्तार का ज्ञान, नाक द्वारा उसकी सुगन्ध तथा कान द्वारा उसकी ध्वनि (यदि कोई हो तो) के विषय की जानकारी प्राप्त होती है। लेकिन हमारी ज्ञानेन्द्रिया केवल भौतिक राशियों का तुलनात्मक अध्ययन ही कर सकती है।



उदाहरण के लिये, दो छड़ों को देखकर हम केवल यही बता सकते हैं कि कौन सी छड़ अधिक लम्बी है। इसी प्रकार दो पिण्डों को अलग–अलग हाथ में उठाकर हमें केवल यही बता सकते हैं कि कौनसा पिण्ड हल्का और कौन–सा पिण्ड भारी है। हम उनका सही भारत सही बता सकते । चित्र (1.3) में समान लम्बाई की दो रेखाएं AB तथा CD प्रदर्शित है। लेकिन द ष्टि भ्रम के कारण ऐसा प्रतीत होता है कि, रेखा AB की लम्बाई रेख CD की अपेक्षा अधिक है।

चित्र 1.3 क्या दोनों रेखाएं बराबर हैं ?

चित्र (1.4) में देखकर अनुमान लगाइे कि दोनों सिलिंडरों में से किस सिलिंर में पानी अधिक है।

चित्र 1.4 क्या दोनों सिलेंडरों में द्रव का आयतन एक समान है ?



1.2.3 मानक इकाइयां :-

किसी भौतिक राशि का एक ज्ञात नियत मानक राशि से तुलना करना मापन कहलाता है। अर्थात् किसी भौतिक राशि के मापन के लिये उस राशि के एक निश्चित परिमाण को मानक मान लेते हैं। तथा ये देखते हैं कि उस दी गई राशि में यह मानक कितनी बार शामिल है। इस मानक राशि को ही मानक कहते हैं। अतः मानक, एक नियत परिमाण की राशि होती है। जिसकी सहायता से उसी प्रकार की अन्य भौतिक राशियों का मापन लिया जाता है।

1.2.4 एम. के . एस. पद्धति (M.K.S. System) :-

समय, ताप, लम्बाई, क्षेत्रफल, आयतन, द्रव्यमान, मापन की विभिन्न विधियां ।

एक समानता के लिये संसार के सभी वैज्ञानिकों ने विभिन्न भौतिक राशियों को मापने के लिये निम्नलिखित मानक मात्रको को स्वीकार किया है।

– लंबाई का मानक मात्रक है जिसका संकेत M है। इसे मीटर कहते हैं।

– द्रव्यमान का मानक मात्रक किलोग्राम और K संकेत है । इसे किलो भी कहते हैं।

– समय का मान मात्रक सेकण्ड और S संकेत है। यह सैकण्ड कहलाता हैं।

समय मापन -

विभिन्न पद्धतियों में एवं समय मापन हेतु माात्रक सैकेंड ही मान्य है एक सेकिड का अर्थ है औसत सौर–दिवस का वां भाग/ माध्यान्ह में जब सूर्य ठीक उध्वार्वाधर ऊपर होता है, ऐसी दो लगातार स्थितियों के बीच का समय सौर–दिवस कहलाता है और एक वर्ष में समस्त सौर दिवसों का औसत इस औसत का सौर दिवस कहलाता है। समय के अन्य मात्रक इस प्रकार है –

– एक औसत सौर दिवस = 24 घण्टे

– एक घन्ट (h) = 60 मिनट

– एक मिनिट (Min.) = 60 सेकिंड (S)

एक दिन से बड़े समय अंतराल को दर्शाने के लिये महीने तथा वर्ष भी मात्रक के रूप में उपयोग में लाये जाते हैं। उदाहरणार्थ, आप अपनी आयु बताने के लिये आप महीने तथा वर्ष का प्रयोग करते हैं। मान लीजिये आपकी आयु 17 वर्ष है। आप ये नहीं कहते कि मेरी आयु 6205 दिन या 1.48,920 घंटे है।

समय मापने हेतु उपयोगी उपकरण घड़ी है। दीवार घड़ी दोलक वाली घड़ी टेबिल वाच और हाथ घड़ी से हम परिचित सेकिंड के भी छोटे अंश तक का सही नाप लेने के लिये विराम घड़ी स्टॉप वचा का उपयोग किया जाता है और अब इलेक्ट्रानिक घड़ियों द्वारा सैकिंड के हजार वें भाग तक का मापन किया जा सकता है।

1.2.4.2 ताप मापन -

केवल हाथ के स्पर्श से किसी वस्तु का ताप निर्धारित करना, न तो कोई वैज्ञानिक विधि ही है और न ही यह सरल तथा विश्वास–योग्य विधि है। अतः किसी वस्तु का ताप नापने के लिये पदार्थ के कुछ ऐसे भौतिक गुणों का उपयोग करते हैं जो ताप के साथ बदलते है। ऐसे गुण को तापमापक गुण कहते हैं।

ताप मापन के विभिन्न पैमाने -

1. **सेण्टीग्रेड या सैल्सियस पैमाना** - इस पैमाने पर पानी के हिमांक को 0 तथा पानी के कवथनांक को 100 मानते हैं तथा इस अन्तर को 100 बराकर भागों में बांट देते हैं।

2. **फारेनहाइट पैमाना** - इस पैमाने पर पानी के हिमांक को 32^0 तथा पानी के कवथनांक को 212^0 मानते

हैं तथा इस अन्तर को 100 बराकर–बराबर भागों में बांट देते हैं।

3. रियूमर पैमाना - इस पैमाने पर पानी के हिमांक को शून्य डिग्री व कवथनांक को 80^0 डिग्री मानते है और इस अन्तर को 80^0 बराबर–बराबर भागों में बांट देते हैं।

4. केल्विन पैमाना - इसे आदर्श गैस तापक्रम या परमताप तापक्रम भी कहते हैं यह तापक्रम पदार्थ के गुणों पर निर्भर नहीं करता, इस तापक्रम पर शून्य वह ताप होता है जिस पर गैस का आयतन व दाब शून्य होता है तथा गैस के अणुओं के मध्य गतिज ऊर्जा शून्य होती है। इस ताप को परम शून्य या 0^0K लिखते हैं इसका माना सेल्सियस पैमाने पर 273^0 C (या अधिक शुद्धता से – 273.15) होता है। इस तापक्रम में1 डिग्री का माना वही होता है जो सेल्सियस पैमाने पर डिग्री का मान होता है। अतः इस पैमाने पर पानी का हिमांक 273.15^0 C तथा क्वथनांक 273.15^0 C होता है। अर्थात्

ताप के विभिन्न पैमाने में संबंध $-i^0C = (273.15 + i)^0 k$ या $i^0 C = (273 + i)^0 k$ (लगभग) ताप के विभिन्न पैमानों में परस्पर निम्न संबंध है –

$$\frac{C}{100} = \frac{F-32}{180} = \frac{R}{80} = \frac{K-273}{100}$$

$$\frac{C}{5} = \frac{F-32}{9} = \frac{R}{4} = \frac{K-273}{5}$$

तापमापी, द्वारा ताप - मापन

कोई तापमापी लेकर उसके पैमाने को ध्यान से देखिये इसके किन्हीं दो निकटतम चिन्हों द्वारा दर्शाये जाने वाले ताप का मान ज्ञात कीजिये । तापमापी को सदैव इस प्रकार पकड़ना चाहिये कि आपको उसके अंदर पारे की चमकीली रेखा स्पष्ट दिखाई दे। इस रेखा का ऊपरी सिरा तापमान दर्शाता है। तापमापी से ताप पढ़ते समय उसको बल्ब से नहीं पकड़ना चाहिये।

चित्र क्रमांक 1.5
डाक्टरी थर्मामीटर

1.2.4.3 लम्बाई मापन -

10 मिलीमीटर (mm)	=	1 सेंटीमीटर (cm)
100 सन्टीमीटर (cm)	=	1 मीटर (m)
1000 मीटर (m)	=	1 किलोमीटर (km)

लम्बाई मापने में सामान्य स्केल, इंचटेप, बर्नियर कैलीपर्स, पेंचमापी, गोलाई नापी और ट्रेवलिंग माइक्रोस्कोप का उपयोग किया जाता है। लम्बाई मापने हेतु निम्नलिखित सावधानियों का उपयोग किया जाना चाहिये।

– पैमाने को वस्तु की लंबाई के समानान्तर तथा उससे सटा कर रखना चाहिये। (चित्र 1.6)

– कभी–कभी पैमाने का सिरा टूटा हुआ हो सकता है ऐसी स्थिति मं 0 पैमाने को छोड़कर अन्य कोई उपयोगी चिन्ह का उपयोग किया जाना चाहिये । (चित्र 1.7)

– प्रेक्षण लेते समय नेत्र की स्थिति ठीक उर्ध्वाधर होना चाहिये। (चित्र 1.8)



चित्र क्र. 1.6

(अ) सही विधि (ब) त्रुटिपूर्ण विधि -



चित्र 1.7



E, सही विधि F, और E, त्रुटिपूर्ण विधि

E, सही विधि E, और E, त्रुटिपूर्ण विधि

गोलीय सतहों का व्यास मापना – चित्र 1.9 में एकगेंद के व्यास मापन की विधि प्रदर्शित की गई। इस चित्र में A तथा C दो गुटकों को सटा कर व्यक्त करते हैं। छोटी लम्बाइयां मापने के लिये वर्नियर कैलीपर्स उपयोग में लाते हैं।



चित्र क्र. 1.9

वर्नियर कैलीपर्स के चित्र में (चित्र क्र. 1-10) $J_1 J_2$ का उपयोग बाह्य व्यास को सेमी. के दसवें भाग तक सही–सही मापने में किया जाता है। $J_1 J_2$ का उपयोग आंतरिक व्यास मापने में करते हैं और K का उपयोग पात्र की गहराई मापने में करते हैं।



चित्र क्र. 1.10

चित्र 1.11 में दर्शाया गया उपकरण पैंचमापी है, जिसकी सहायता से सेमी. के 100 वें भाग तक की लम्बाई मापन करना संभव है। इस उपकरण का सिद्धांत पेंच का सिंद्धांत है इसके द्वारा पतले, बेलनाकार, ठोस जैसे तार सुई आदि के व्यास की गणना भी की जा सकती है।



चित्र – 1.11

1.2.4.4 क्षेत्रफल मापन -

क्षेत्रफल मापन हेतु प्रयुक्त मान वर्ग मीटर *(m^2)* है। पुस्तक, अखबार या तौलिए जैसी वस्तुओं की सतह के क्षेत्रफल को *cm^2* में दर्शाना सुविधाजनक है किंतु और भी छोटी वस्तुएं जैसे तार अथवा पाइप का क्षेत्रफल में दर्शाना सुविधाजनक रहता है।

किसी खेत का क्षेत्रफल बताने के लिये एअर तथा हैक्टेयर जैसे मात्रकों का उपयोग सुविधाजनक है।

1 एअर = 100 cm^2

1 हैक्टेयर = 100 cm^2 एयर या (100 x 100)cm^2 = 1000 m^2

सुडोल ठोस वस्तुओं की सतह या तलों का क्षेत्रपफल मापक निश्चित सूत्रों के द्वारा किया जाता है उदाहरणार्थ :–

– किसी वर्ग का क्षेत्रफल एक भुजा = (एक भुजा)^2

– आयत का क्षेत्रफल = लंबाई X चौड़ाई

– व त्त का क्षेत्रफल = π X (त्रिज्या)^2

अनियमित आकार की सतहों अथवा क्षेत्र का क्षेत्रफल ज्ञात करने के लिये, ग्राफ पेपर काम में लाते हैं यह विधि चित्र क्र. 1. 12 में दर्शाई गई यदि कोई अनियमित आकार की सतह उदा. पेड़ का पत्ता सेमी ग्राम पर 90 वर्ग ढँक लेती है, तब उसका क्षेत्रफल 90 वर्ग सेमी होगा।



अनियमित आकार की सतह का क्षेत्रफल

1.2.4.5 आयतन मापन -

किसी धनाभ या धनाकार का आयतन = लंबाई X चौड़ाई X ऊंचाई एक मीटर धन का आयतन =*lm x lm x*

lm = lm^3 इसे घन मीटर पढ़ा जाता है। आयतन का मानक मात्रक धन मीटर है। यदि वस्तु छोटी होतो उसका आयतन घन मीटर से न दर्शाकर घन सेंटीमीटर *(cm^3)* अथवा घन मीटर *(lm^3)* जैसे मात्रकों में दर्शाया जाता है।

द्रव पदार्थ का आयतन मापने हेतु मात्रक, लीटर और मिली लीटर उपयोग में लाते हैं द्रव पदार्थो का आयतन नपनाघट, फलास्क, अथवा पिपेट द्वारा मापा जा सकता है। ये उपकरण चित्र 1-13 में दिखाए गए हैं।

1 लीटर (L) = 1000 घन सेंटीमीटर (cm^3)

1000 मिलीलीटर (ml.) = 1 लीटर

या 10 लीटर = 1 सेंटीलीटर

सुडौल ठोस पदार्थों का आयतन–मापन करने के लिये कुछ निशिचित सूत्र प्रयोंग में लाते हैं।

उदाहरणार्थ -

– घन का आयतन लम्बाई = (लम्बाई)^3

– आयताकार ठोस का ल. चौ. = ऊ. ल. चौ. ऊ.

– गोले का आयतन त्रिज्या = 3/4 (त्रिज्या)^3

– बेलन का आयतन त्रिज्या ऊंचाई = ग x (त्रिज्या)^2 x ऊंचाई

किसी धनकार ठोस का आयतन ज्ञात करने के लिये उसकी लम्बाई साधारण स्केल बर्नियर कैलीपर्स से मापी जा सकती है और सूत्र द्वारा आयतन की गणना कर सकते हैं बलनाकार ठोस का आयतन ज्ञात करने के लिये इसकी त्रिज्या बर्नीयर कैलीपर्स या पेंचमापी से ज्ञात करके, ऊंचाई नापकर सूत्र की सहायता से आयतन की गणना की जा सकती है। बेडौल या अनियमित ठोस वस्तुओं जैसे पत्थर का टुकड़ा, ढक्कन इत्यादि का आयतन मापक सिलेंडरों की, सहायता से ज्ञात किया जा सकता है। यह विधि चित्र क्र. 1.114 में प्रदर्शित की गई है। आप पानी में तैरने वाली किसी ठोस जैसे कार्क का आयतन कैसे ज्ञात करोगे ?



चित्र क्रं.– 1.13

1. 2. 4. 6 द्रव्यमान मामन की विभिन्न विधियां -

द्रव्यमान मापन के मात्रक निम्नलिखित है -

1000 मिलीग्राम (m)	=	1 ग्राम (g)
1000 ग्राम (g)	=	1 किलोग्राम (kg)
10 क्विटल	=	1 मैट्रिक

द्रव्यमान किसी वस्तु में पदार्थ की मात्रा की माप है।



प्रयोगशाला में द्रव्यमान की गणना भौतिक तुला नामक उपकरण से करते हैं यह चित्र क्रमांक – में प्रदर्शित किया गया है।

चित्र क्रम- 1.15 भौतिक तुला



भौतिक तुला

किसी वस्तु के द्रव्यमान की गणना उपरोक्त उपकरण के द्वारा करने के लिये एक बाक्स में 1 ग्राम से 500 ग्राम के बांट और 1 मिलीग्राम से 500 मिलीग्राम के बांट और 1 मिलीग्रामसे 500 मिलीग्राम के बांट होते हैं। इन बांटों पकड़ने के लिये एक चिमंटी भी रखी जाती है। यहतुला कार्य या लकड़ी के बाक्स में रखी होती है। ताकि हवा का प्रभाव तौल पर न पड़े। शुद्ध प्रेक्षण प्राप्त करने के लिये सर्वप्रथम भौतिक तुला व तुलादण्ड को क्षेतिज किया जाता है। इस कार्य हेतु स्विदण्ड लेबिल का उपयोग करते हैं तुलादण्ड को संतुलित करने के लिये पेंच P_1 एवं P_2 उपयोग में लाते हैं। तुला को उपयोग में लाने से पूर्व साहल S एवं संकेतक Q को समयोजित कर लिया जाता है। वस्तु हमेशा बांए तथा वाट दांये पलड़े पर चढ़ाए जाते हैं। किसी वस्तु का शुद्ध द्रव्यमान भौतिक तुला की सहायता से ग्राम के हजारवें भाग तक निकाला जा सकता है।

1.2.4.7 शुद्ध मापन-

लम्बाई नापने हेतु शुद्ध मीटर का उपयोग किया जाना चाहिये सही मीटर छड़ें के दोनों और (–) चिन्ह होते हैं तथा उस पर माप तौल विभाग की मोहर लगी होती है। यदि किसी मीटर छड़ के एक या दोनों और (–) का चिन्ह न हो तो वह ठीक नहीं है।

इसी प्रकार क्षेत्रफल, आयतन, द्रव्यमान जैसे मापों को मानक भागकों द्वारा मापा जाना ही शुद्ध माप है। और मानक मात्रकों व उपकरणों के द्वारा ही शुद्ध मापन किया जाता है। शुद्ध मापन हेतु निर्धारित सावधानियां ध्यान में रखना चाहिये।

आत्म परीक्षण प्रश्न

1. प्रत्येक प्रश्न में दिये गये चार विकल्पों में से सर्वाधिक सही चुनकर लिखिये–

   (i) गत्ते के एक अनियमित आकार के टुकड़े का क्षेत्रफल ज्ञात करने के लिये उपयोग होता –

   (अ) बर्नियर कैलीपर्स (ब) नपनाकार (द) ग्राफ पेपर।

(iii) बड़ी दूरियां अन्तग्राहय नापने के लिये उपयोगी मात्रक है–

(अ) किलोमीटर (ब) सौर वर्ष (स) प्रकाश वर्ष (द) ट्रेवलिंग माइक्रोस्कोप

(iii) भौतक तुला से नापते हैं–

(अ) भार (ब) द्रव्यमान (स) आयतन (घनत्व)

(iv) प्रकाश वर्ष मात्रक है –

(अ) दूरी का (ब) समय का (स) ज्योतिष संबंधी गणना का (द) प्रकाश के वेग का

(v) एक वर्ग किलोमीटर के तुल्य है–

(अ) 1000 वर्ग मीटर (ब) 10000 वर्ग मीटर (स) 10.00.000 वर्ग मीटर (द) 10,00,000 वर्ग मीटर

(vi) निम्नलिखित में से लंबाई का मानक मात्रक है –

(अ) डेसीमीटर (ब) सेंटीमीटर (मिलीमीटर) (द) मीटर

2. वर्नियर कैलीपर्स का स्पष्ट रेखांकित चित्र बनाकर नामांकित कीजिये।

3. तापमान में प्रयुंक्त मात्रकों और उनमें परस्पर संबंध स्पष्ट कीजिये।

4. भौतिक तुला का स्पष्ट एवं नामांकित चित्र बनाइये।

5. एक अनियमित ठोस (पत्थर) का आयतन ज्ञात करने के लिये स्पष्ट चित्र बनाकर उल्लेख कीजिये।

6. सूचि (क) में दी गई भौतिक राशियों की मापक सूचि (ख) मे से छांटिये–

क	ख
समय	मीटर^3
लंबाई	मीटर^2
ताप	मीटर
आयतन	O"C
द्रव्यमान	सेंकड
क्षेत्रफल	किलोग्राम

7 किसी आयताकार खेत की लंबाई 55 मीटर तथा उसकी चौड़ाई 40 मीटर है। खेत का क्षेत्रफल एअर तथा हेक्टेअर में ज्ञात कीजिये।

पर्यावरण शिक्षा (विज्ञान) एवं उसका शिक्षण

पाठ क्रमांक - 2

विषयांश- द्रव्य की अवस्थाएँ

2 अ. उपइकाई- द्रव्य की अवस्थाएँ विसरण, गलन, क्वथन वर्गीकरण के सिद्धांत धातु, अधातु, अणु परमाणु, तत्व यौगिक मिश्रण।

3-1 उपविषयांश- द्रव्य की अवस्थाएँ-

हम अपने चारो ओर विभिन्न प्रकार के द्रव्य देखते हैं। इनमें से कुछ ठोस अवस्था में होते हैं जैसे पत्थर लकड़ी, ताँबा तथा शक्कर। कुछ न्य द्रव रूप में होते हैं जैसे– पानी, तेल अैर दूध। इनके अतिरिक्त हवा, आक्सीजन और जलवाष्प आदि गैसे रूप में होते हैं। पत्थर, ठोस, पानी द्रव, तथा हवा, गैसे रूप में क्यों होते हैं ? पानी तीनों अवस्थाओं में मिलता है। वर्फ (ठोस) पानी (द्रव) और भाप (गैस)।

प थ्वी के चारों ओर हवा का आचरण है जिसे वायुमण्डल कहते हैं यह आवरण हमें अत्यधिक ठंड अथवा गर्मी से बचाता है। प थ्वी पर ताप– 50^0C से + 50^0C के बीच रहता है। समुद्र सतह पर इस वायुमंडल का दबाव 760 मि.मी. पारे के दबाव के बराबर होता है । ताप व दाब ही दो कारक हैं जो यह निर्धारित करते हैं कि कोई दिया गया द्रव्य ठोस होगा, द्रव होगा या गैस। इन्हीं परिस्थितियों के कारण प थ्वी पर पानी अधिकांश स्थानों पर द्रव रूप में पाया जाता है व हस्पति ग्रह पर पानी द्रव रूप में न होकर केवल वर्फ के रूप में मिलेगा तथा मंगल ग्रह पर एवं बुध ग्रह के सूर्य के सामने वाली सतह पर यह तत्काल वास्प में बदल जावेगा। आक्सीजन तथा नाइट्रोजन प थ्वी पर गैस रूप में विद्यमान है जबकि यही व हस्पति ग्रह पर द्रव रूप में मिलेगें।

बहना सतह एवं आकृति – हम जानते हैं कि हवा तथा पानी एक स्थान से दूसरे स्थान की ओर बहते है जबकि छोस नहीं बहते। इसी प्रकार आप देखते हैं कि ठोस में सतह होती हैं जिसे हम देखकर एवं छूकर अनुभव करते हैं। द्रव में भी सतह होती है इसलिए हम गिलास में रखे पानी की ऊपरी सतह देख एवं छू सकते हैं। किन्तु गैस में इस प्रकार की सतह नहीं होती है।

2-2 विसरण -

गैस तथा द्रव के अणुओं को अपने वातावरण में फैलना विसरण कहलाता है।

बगीचे में घूमते समय फूलों की सुगंध आसानी से आप तक पहुँच जाती है। शुद्ध घी को सूंघकर पहचाना जा सकता है। सुगंध के लिए भोजन में कई मसाले मिलाए जाते हैं घी फूल, मसाले आदि की गंध आ तक कैसे, पहुँचती है ? इस सभी द्रव्यों में गंध वाले पदार्थ उपस्थित रहते हैं जो वायुमण्डल की उष्मा के कारण लगातार वाष्पित होते रहते हैं। इनकी यह वाण हवा में मिलकर और फैलकर आप तक पहुँती है।

विशेष – (1) विसरएण उच्च सान्द्रता से निम्न सान्द्रता की ओर होता है।

वाष्प का हवा में इस प्रकार फैलना विसरण कहलाता है।

2.3 गलन एवं क्वथन-

हम जानते हैं कि उष्मा के प्रभाव से बर्फ पिघलकर पानी से परिवर्तित हो जाती है और पानी को उबालने पर भाप बन जाती है अर्थ

उष्मा द्रव गैसे

ठोस के द्रव में परिवर्तन को गलन कहते हैं इस प्रकार द्रव के उबलकर गैस में परिवर्तन की क्रिया को क्वथन कहते हैं।

जब ठोस को ऊष्मा प्रदान की जाती है तो ठोस के अणुओं की गति बढ जाती हैं जिसके फलस्वरूप अणु अपने आपसी आकर्षण बल को तोड़कर एक दूसरे से दूर हटने लगते हैं। अधिक उष्मा मिलने पर ठोस के अणुओं में बिखराव होता है जिसके कारण वे अलग होने लगते है। इस प्रकार वह द्रव में बद जाता है।

जब द्रव को गर्म किया जाता है तो अणु ऊष्मा ग्रहण कर और अधिक दूर हट जाते हैं अब इन्हें इधर उधर घूमने की स्वतंत्रता प्रात हो जाती है तथा वे हर दिशा में घूम सकते हैं। इस प्रकार द्रव, गैसीय, अवस्था प्राप्त कर लेते हैं। जब गैस को ठंडा करते है तो पर अणुओं की गति में और कमी होती है तथा द्रव के अणु एक दूसरे की ओर अधिक पास आकर ठोस में बदल जाते हैं।

वर्गीकरण का सिद्धान्त -

वस्तुओं को अलग अलग समूहों या बर्गो मे व्यवस्थित करने की प्रक्रिया को वर्गीकरण कहते हैं।

पदार्थो का वर्गीकरण उसमें पाई जाने वाली विशेषताओं के आधार पर किया जाता है जैसे– भौतिक अवस्था, विलेयता, चुम्बकीय गणु, पारदर्शिता उष्मा का प्रभाव पानी की तुलना में हल्का या भारी आदि आदि।

सभी वस्तुओ तथा पदार्थ कुछ मूलभूत इकाईयों से बने होते हैं। इन मूल इकाईयों को तत्व कहते हैं उदाहरणार्थ – हाइड्रोजन, पारा आदि सामान्य तत्व हैं प्रत्येक तत्व के अपने विशिष्ट गुण होते हैं जिससे उस तत्व की पहचान हो सकती है सामान्य ताप 25"C पर कुछ ठोस कुछ द्रव्य तथा कुछ अन्य गैसीय अवस्था मे होते हैं।

पदार्थो का वर्गीकरण



2.15 धातु व अधातु -

तत्वों का वर्गीकरण मुख्यतः धातु एवं अधातु मे किया गया है। उदाहरण के लिये लोहा, तांबा एवं सोना धातु हैं जबकि गंधक, हाइड्रोजन, कार्बन तथा आक्सीजन अधातु हैं। धातु ऊष्मा तथा विद्युत की सुचालक होती हैं । धातुओं में चमक होती हे। पारे को छोड़कर शेष सभी धातुएं ठोस होती है। सभी धातुएँ अम्लों से क्रिया करके हाइड्रोजन बनाती हैं। अधातुएं ठोस, द्रव अथवा गैस होती है अधातुएं सामान्यतः अधिक भंगूर होती हैं तथा इनसे चादरें अथवा तारनहीं बनाये जा सकते हैं। इनमें कोई चमक नहीं होती तथा इन पर पालिश नहीं की जा सकती है।

2.6 तत्व, योगिक और मिश्रण -

तत्व– पदार्थ का सरल रूप, जिसे अपघटित करके और अधिक सरल नहीं बनाया जा सकता, तत्व कहलाता है।

गंधक, लोहा, तांबा, तथा हाइड्रोजन आदि तत्व के उदाहरण हैं इस समय तक ज्ञात तत्तवों की संख्या 106 है जिनमें से 92 तत्व प्रकृति में पाए जाते हैं, शेष_कृत्रिम विधियों द्वारा बनाए गये हैं।

यौगिक- वे पदार्थ जिसे दो या दो से अधिक सरल पदार्थो में अपघटित किया जा सकता है यौगिक कहलाता है।

एक से अधिक तत्वों या निश्चित अनुपात में संघटित पदार्थ को यौगिक कहते हैं।

NaCl, $CuSO_4$ आदि।

मिश्रण– दो या दो से अधिक तत्वों अथवा यौगिको को किसी भी क्रम अथवा अनुपात मे मिलाने से प्राप्त पदार्थ को मिश्रम कहते है।

कुछ सामान्य तत्व हाइड्रोजन, हीलियम, कार्बन, नाइट्रोजन, सोडियम, मैग्नीशियम, एल्युमिनियम, सिलिकॉन, फास्फोरस, जस्ता, ब्रोमीन, चांदी, टिन, सोना तथा पारा है। अधिकांश पदार्थ प्रायः एक से अधिक तत्वों से मिलकर बने होते है। केवल कुछ ही तत्व प्रकृति में मुक्त अवस्था में पाए जाते हैं, जैसे आक्सीजन, नाइट्रोजन और सोना आदि । हमारे आसपास पाए जाने वाले पदार्थ अधिकतर दो या दो से अधिक तत्तवों से मिलकर बने होते हैं। पानी दो तत्वों ऑक्सीजन तथा हाइड्रोजन से मिलकर बना है।



(चित्र 2.1)

चीनी हाइड्रोजन, आक्सीजन तथा कार्बन से मिलकर बनी है नमक सोडियम तथा क्लोरीन से मिलकर बना है।

विभिन्न प्रकार के जैसे– त्वचा, बाल, चमडद्या, ऊन, लकड़ी तथा मांसपेशियां में बहुत से योगिक होते है ये यौगिक मुख्यतः कार्बन, हाइड्रोजन तथा आक्सीजन से मिलकर बने होते है। पैट्रोल, केरोसिन तथा मोम, कार्बन तथा हाइड्रोजन के विभिन्न यौगिकों से मिलकर बने होते हैं। प थ्वी पर अधिक मात्रामें मिलने वाले तत्व आक्सीजन तथा सिलीकॉन हैं। मनुष्य द्वारा निर्मित प्रकृति में पाए जाने वाले बहुत से पदार्थो में इन्हीं दो तत्वों के यौगिक पाए जाते है ऐसे पदार्थो के कुछ उदाहरण, मिट्टी, रेत, ईट, कंक्रीट तथा ग्रेनाइट हैं।

मिश्रण में :-

- उसके अवयवों का कोई निश्चित अनुपात नहीं होता है।
- उसके अवयवों के मिले जुले गुण होते हैं।
- उनका संगठन समान नहीं होता।
- उनके घटकों को सरल भौतिक विधियों के द्वारा प थक किया जा सकता है।

2.7 अणु एवं परमाणु-

सभी तत्व तथा यौगिक सूक्ष्म कणों से मिलकर बने हैं। चाक अथवा कांच के टुकड़े बारीक पीसकर उनके सूक्ष्म कणों को आंख द्वारा देखा जा सकता है। इन सूक्ष्म कणों से चाक अथवा कांच के गुण पाये जाते हैं। अतः यह स्पष्ट है कि कोई योगिक एक ही प्रकार के सूक्ष्य कणों से मिलकर बना होता है। यदि किसी विधि ा द्वारा इन सूक्ष्म कणों को और छोटे कणों में तोड़ते जावें तो अन्त में यौगिक का सूक्ष्मतम कण प्राप्त होगा। इस सूक्ष्मतम कण को देखा नहीं जा सकता है यद्यपि इससूक्ष्मतम कण में भी यौगिक के गुण विद्यमान रहते हैं। इस सूक्ष्मतमकण को यौगिक का अणु कहते हैं।

पानी एक यौगिक है इसके अणुओं का विभाजन किया जा सकता है। पानी में विद्युत धाराप्रवाहित करने पानी के अणु टूटकर हाइड्रोजन तथा आक्सीज गैस बनाते हैं। इन गैसों के गुण पानी के गुणों से भिन्न होते हैं तथापरस्पर भी गुणों में असमानता पायी जाती है।

इाईड्रोजन गैस, हाईड्रारेजन के अणुओं से तथा आक्सीजन गैस आक्सीजन के अणुओं से मिलकर बनी होती है। हाईड्रोजन के एक अणु को पूनः छोटे कणों में तोड़ा जा सकता है जिन्हें हाईड्रोजन के परमाणु कहते हैं। यह परमाणु स्वत्न्त्र अवस्था में नहीं रह कसते हैं।

हाईड्रोजन आक्सीजन अथवा नाइट्रोजन के दो परमाणें के संयोग से क्रमशः इन तत्वों का अणु बनता है। दो या दो से अधिक विभिन्न तत्वों के परमाणुओं से मिलकर बने अणु को यौगिक का अणु कहते हैं। किसी तत्व के सभी परमाणु समरू तथा समान गुण वाले होते हैं। इसी प्रकारसकिसी त्व अथवा यौगिक के सभी अणु करूप तथा गुण में समान होते हैं। परन्तु तत्वों अथवा यौगिक से भिन्न होते हैं।

क्या आप कल्पना कर सकते है कि अणु एवं परमाणु कितने छोटे होते हैं ? इतने छोटे होते हैं कि इन्हें अत्यंत शक्तिशाली सूक्ष्मदर्शी द्वारा भी नहीं देखा जा सकता है। किसी तत्व अथवा यौगिक के जिस छोटे नमूने

को देख जा सकता है,उसमें भी परमाणु अथवा अणु बहुत बड़ी संख्या में होते हैं।

आपको यह जानकर अश्चर्य होगा कि सोना अथवा चांदी की पतलीी सी अंगूठी में लगभग 10000000000000000000000 अर्थत् 10^{23} परमाणु होते हैं। एक चम्मच पानी में लगभग उतने ही अणु होते हैं जितने चम्मच पानी हिन्द महासागर में है।

पाठगत प्रश्न

प्रश्न1 किसी पदार्थ का ठोस, द्रव अथवा गैस अवस्था में रहना किन कारकों पर निर्भर करता है।

उत्तर– द्रव्य की अवस्थाएँ दूसरा पैरा देखें।

प्रश्न2 धातु एवं अधातु में कोई चार अन्तर लिखो।

उत्तर– धातु, अधातु के विवरण में पढ़ें।

उप इकाई (ब)

2.2.1 पदार्थ के प थक्करण की विधियाँ-

सभी तत्व तथा यौगिक शुद्ध पदार्थ होते हैं। सभी शुद्ध पदार्थो में एक ही प्रकार के अणु होते हैं। उदाहरणार्थ नमक में सभी अणु एक ही प्रकार के होते हैं। चीनी में दूसरे प्रकार के अणु होते हैं।

किसी किसी, मिश्रम में विभिन्न अवयवों को असानी से देखा जा सकता हे। उदाहरणार्थ, गेहूं के ढेर में हम प्रायः जौ, भूसा तथा पत्थर के छोटे–छोटे टुकड़ों को देखते हैं। लेकिन कई मिश्रण जैसे दूध, घास, समुद्री जल, गुड़ आदि को देखने से ऐसा प्रतीत होता है जैसे ये एक ही पदार्थ के बने हों। वास्तव में ये कई पदार्थो के मिश्रण है। इनके अवयवों को आसानी से अलग कियाजा सकता है। किसी मिश्रण के अवयवों का प थ्क्करण विभिन्न उद्श्यों से किया जाता है। जैसे–

1. किसी अवांछनीय अवयव को अलग करने के लिये।
2. किसी हानिकारण अवयव को निकालने के लिये।
3. किसी पदार्थ को शुद्ध रूप में प्राप्त करने के लिये।
4. किसी उपयोग अवयव को प्राप्त करने के लिये।

प थ्क्करण की विधि पदार्थ के गुणों पर निर्भर करती हैं इसलिये आप जब किसी मिश्रण के अवयवों को अलग करना चाहे, तो सबसे पहले ऐसे कुछ गुणों का पता लगाएं जो विभिन्न अवयवों के लिये भिन्न हो।

2.2.2 छानना -

जब आप चाय बनाते हो, तो चाय की पत्तियों को द्रव से तार की जारी अथवा कपड़े से टुकड़े के द्वज्ञरा छान कर अलग करते हैं। चाय की पत्त्यिां छलनी (फिल्टर) पर रह जाती हे। (चित्र 2.2) प थक्कार

की दस विधिको छानना अथवा फिल्टरेशन कहते है। इस विधि द्वारा द्रव में से विभिन्न आकार के अविलय ठोस पदार्थ को फिल्टर की सहायतासे प थक किया जाता है। छोटे कणें को प थक करने के लिये छोटे छेद वाले फिल्टर की आवश्यकता होती है रूई, रेत की चलनी फिल्टर पेपर अथवा बारीक सूती कपड़ा आदि को फिल्टर के रूप में उपयोग किया जाता है।



चित्र 2.2 **छानना विधि**

कूड़ा–र्कट आदि से बंद होने से बचाने के लिये गंदे पानी की नालियों में धातु के बड़े फिल्टर लगाए जाते हैं।

कुछ घरों में पीने के पानी को विशेष फिल्टर द्वारा साफ किया जाता है । जो पानी से मिट्टी तथा जीवाणुओं को प थक कर देता है। क्या आप चाय की छलनी से गंदे पानी को छानसकते है ?

2.2.3 निथारना -

द्रव तथा उसमें अघुलनशील ठोस पदार्थ के मिश्रण में से उसके अवयवों को निथार कर प थक किया जाता है। उदाहरणार्थ पानी तथा रेत के मिश्रण में से उनके अवयवों को इस विधि द्वारा प थक किया जाता है। ऐसा करने के लिए मिश्रण को बाद में कुछ समय के लिए छोड़ दिया जाता है इससे रेत र्तन की तली मेंबैठ जाती है। इस प्रकार को अवसादन कहते है।



पानी के प थ्ककरण की विधि निथारना

अब पानी को सावधानीपूर्वक दूसरे वर्तमें उड़ेला जाता है। यह सावधानी रखी जाती है कि रेत रेत बर्तन की तली में बैठ जाती है ।इसमें को निथारकर इसी प्रकार प थक किया जाता है।

2.2.4 आसवन -

डाक्टर इंजेक्शन लगाने के लिए दवाईयों को प्राय आसुतजल बल शुद्ध जल में घोलते है क्या आपने कमी सोचा है कि यह आसुत जल किस प्रकार प्राप्त किया जाता है पहले पानी आसवन क्रिया जाता है आसक वह प्रकार है जिसके द्वारा किसी विलयन से शुद्ध जल प्राप्त किया जाता है आसवन की लिये जल को द्रव–

में बदल



आसवन विधि

2.2.5 ऊर्ध्वपातन -

यह विधि उन पदार्थो को मिश्रण से प थक करने में उपयोग में लाई जाती है, जो गर्म करने पर ठोस अवस्था में सीधे गैसीय अवस्थ में बदल जाते हैं। गैसी अवस्था में विद्यमान पदार्थ को पुनः ठंडा करने पर शुद्ध ठोस प्राप्त हो जाता है। प थक्करण की इस विधि ा का ऊर्ध्वपातन कहा जाता है। कपूर, नोसादर तथा आयोडीन, कुछ ऐसे पदार्थ हैं, जो गर्म करने पर सीध ो गैसीय अवस्था में परिवर्तित हो जाते हैं।

` के लिये गर्म किया जाता है इस प्रकार प्राप्त वाष्प को ठंडा करके शुद्ध द्रव प्राप्त होता है इस विधि द्वारा ऐसे मिश्रणीय द्रवों को भी प थक आसुत किया जा सकता है। जिनके क्वथनांक भिन्न है। उदाहरणार्थ एलकोहॉल

का क्वथनांक 80^0C तथा पानी का 100^0 है। यदि पानी तथा एलकोहॉल के मिश्रण को गम किया जाये, तो एल्कोहॉल पहले उबलता है, तथा आसवित हो जाता है। पानी वर्तन में रह जाता है।



(उर्ध्वपातन विधि)

पाठगत प्रश्न

प्रश्न 1 पदार्थो के प थक्करण की कौन–कौन सी विधियां है बताइये।

उत्तर– पदार्थो के प थक्करण में देखें।

प्रश्न 2 अर्ध्वपातन क्रिया को उदाहरण देकर समझाइये।

उत्तर– उर्ध्वपातन देखें।

22.6 पदार्थो का शुद्धीकरा-

पदार्थो को शुद्ध अवस्था में प्राप्त करने के लिए प थक्करण की एक से अधिक विधियों का उपयोग किया जाता है। उदाहरण के लिए समुद्री जील से प्राप्त घोल को छाना जाता है। तथा छानते समय द्रव का वाष्पीकरण किया जाता है, जिससे शुद्ध नमक प्राप्त होता है। क्रिस्टलीकरण (चित्रसा 2.5)

उप-इकाई - 2.3

रासायनिक संकेत एवं सूत्र, रासायनिक समीकरण, अम्ल, क्षार लवाण तथा इसके घरेलू एवं औद्योगिक उपयोग। हाइड्रोजन गैस बनाने की प्रयोगशाला विधि, कार्बन के बहुरूप, हाइड्रोकार्बन, पैट्रोलियम, कुकिंग गैस, अग्निशामक चट्टान एवं खनिज, लौह अयस्क से लौहेका निष्कर्षण धातु संक्षारण, मिश्र–धातु एवं उपयोग, मानव निर्मित सामग्री कृत्रिम रेशे, प्लास्टिक, कांच साबुन, उर्वरक, कीटनाशक एवं उसका उपयोग।

2.3.1 रसायनिक गणित के अध्ययन को सुविधाजनक तथा व्यवहारिक बनाने में संकेतों का अपना विशेष महत्व है। सभी ज्ञात तत्तवों के लिये एक–एक संकेत रखा गया है। जैसे–

हाइड्रोजन –	H	लैड–	Pb
आक्सीजन–	Q	कींपर–	Cu
नाइट्रोजन–	N	आयरन–	Fe
कार्बन–	C	एल्युमिनियम–	Al
सोडियम (नेट्रीयम)–	Na	सिल्वर–	Ag
क्लोरीन–	Cl	सोना–	Au
गन्धक	S		

रासायनिक सूत्र - परमाणुओं के संयोग से अणु बनते हैं, जैसे हाइड्रोजन के दो परमाणु ऑक्सीजनके एक परमाणु से मिलकरजल काएक अणु बनाता है। जल का यह अणु रासायनिक रूप से H_2O द्वारा प्रदर्शित किया जाता है। यहजल का रासायनिक सूत्र (अणु सूत्र) है। कार्बन डाईआक्साइ (यौगिक) गैस का अणु सूत्र CO_2 है अतः इस गैस के एक अणु में कार्बन का एक परमाणु तथा ऑक्सीजन के दो परमाणु हैं।

संयोजकता और रासायनिक सूत्र– सोडियम परमाणु क्लोरीन के एक ही परमाणु से संयोग करके सोडियम क्लोराइड (NaCl) का एक अणु बनता है। यदि कैल्शियम परमाणु का क्लोरीन से संयोग कराना हो तो कैल्शियम क्लोराइड का एक अणु बनने के लिये क्लोरीन के दो परमाणुओं की आवश्यकता होगी। इसी प्रकार एक एल्युमिनियम क्लोराइड के अणु के निर्माण के लिये तीन क्लोरीन परमाणुआं की आवश्यकता होगी क्यों ? क्योंकि Na, Ca एवं के संयोग करने की शक्ति भिन्न – भिन्न है। Na, Ca एवं Al के रासायनिक सूत्र क्रमशः होंगे।

हाइड्रोक्लोरिक (HCl) अम्ल, पानी (H_2O) तथा अमोनिया (NH_3) के अणु बनने में हाइड्रोजन परमाणुओं की संख्या भिन्न–भिन्न (1,2,3) होगी।

हाइड्रोजन के परमाणुओं की वह संख्या जो किसी तत्व के एक परमाणु से संयोग करे अथवा उसके द्वाा विस्थापित हो, उस तत्व की संयोजकता कहलाती है।

रासायनिक समीकरण- यदि कोई पदार्थ स्वयं अपघटित होकर या किसी अन्य पदार्थ से अभिक्रिया करके एक या अनेक पदार्थो में परिवर्तित हो जाता है तो यह परिवर्तन रसायनिक अभिक्रिया कहलाती है।

रसायनिक अभिक्रिया में भाग लेने वाले पदार्थो (अभिकारको) तथा बनने वाले पदार्थो को (उत्पादोकं) समीकरण के रूप में दर्शाने की विधि को रासायनिक समीकरण कहते हैं। एक सन्तुलित रासायनिक समीकरण में दोनों ओर तत्वों के परमाणुओं की संख्या अपरिवर्तनीय रहती है।

रासायनिक समीकरण लिखने की विधि-

(i) अभिक्रिया में भाग लेने वाले पदार्थो के सूत्र बाई ओर लिखते हैं उनके मध्य–का चिन्ह लगाते है। अभिक्रिया में भाग लेने वाले पदार्थ अभिकरक (Reactants) कहलाते हैं।

(ii) अभिक्रिया से बनने वाले पदार्थो के रासायनिक सूत्र दाई ओर लिखे जाते हैं उनके मध्य भी. का चिन्ह लगातेहैं। अभिक्रिया से बने पदार्थो को उत्पाद (Product) कहते है।

(iii) अभिकारकों तथा उत्पादों के बीच समता (–) या तीन का चिन्ह लगा दिया जाता है इस प्रकार ये समीकरण का ढांचा (Skeleton equation) कहलाता है।

(iv) अब समता या तीन के चिन्ह के दोनों ओर विभिन्न परमाणुओं की संख्या एक समान कर लेते हैं परन्तु विभिन्न परमाणुओं की संख्या एक समान करने के लिये रसायनिक समीकरण को कभी नहीं बदला जाता है। दोनों ओर विभिन्न तत्वों की संख्या समान कर लेने के पश्चात् प्राप्त समीकरण सन्तुलित समीकरण कहलाती है।

(v) यदि क्रियाफल गैसीय हो तो उस पदार्थ के सूत्र के आगे सीधे तीर लगाते हैं यदि अवशेष के रूप में होता है। तो उल्टा तीन लगाते हैं।

जैसे-

$Ag\,NO_3 + NaCl \rightarrow AgCl \downarrow + NaNo_3$

$CaCO_3 + 2HCl \rightarrow CaC_{l2} + H_2O + CO_2 \uparrow$ (गैस)

उदाहरण -

(i) सोडियम तथा क्लोरीन के संयोग से सोडियम क्लोराइड बनाने की क्रिया निम्न रासायनिक समीकरण द्वारा व्यक्त की जाती है।

$2Na + C_{l2} \rightarrow NaCl$ (सोडियम क्लोराइड)

(ii) मैग्नीशियम वायु में जल कर मैग्नीशियम ऑक्साइड बनाता है।

$2Mg + O_2 \rightarrow 2\,MgO$ (मैग्नीशियम ऑसाइड)

(iii) नीले थोथे के घोल में लोहे की कील डालने पर होने वाली क्रिया का समीकरण

$2Mg + SO_4 + Fe \rightarrow Fe\,SO_4 + Cu$

(iv) सोडियम कार्बोनिट तथा सल्फयूरिक अम्ल के मध्य होने वाली क्रिया का समीकरण।

$Na\,CO_3 + H_2\,SO4\,Na_2\,SO_4 + H_2O + CO_2 \uparrow$

2.3.2 अम्ल, क्षार लवण तथा इसके घरेलू एवं औद्योगिक उपयोग -

अम्ल– ऐसे योथ्गक जो स्वाद में खंट्टे होते हैं व्चचा पर कस्टकारी प्रभाव उत्पन्न करते हैं, नीले लिटमस पेपर

को लाल कर देते हैं तथा जिनके अणु में विस्थापनीय आवश्यक परमाणु आवश्यक रूप से उपस्थित हों, अम्ल कहते हैं।

डायनीकरण के सिद्धांत के अनुसार जो यौगिक पानी में घुलने पर मुक्त हाइड्रोजन उत्पन्न करते हैं, उन्हें अम्ल कहते हैं।

उदाहरण :

$H_2 So_4 \rightarrow 2H + SO_4$ -

$HNO_{3\rightarrow} H+ + HNO_3$ -

अम्ल के सामान्य रासायनिक गुण -

(i) अम्ल में उपस्थित हाईड्रोजन का धातु परमाणु द्वारा पूर्ण अथवा आंशिक रूप से विस्थापन हो जाता है जैसे प्रयोग शाला में जस्ते व सल्फयूरिक अम्ल की क्रिया से हाईड्रोजन गैस बनाई जाती है।

$Zn + H_2 SO_4 \rightarrow ZnSO_4 + H_2 \uparrow$

(ii) अम्ल क्षारों से अभिक्रिया करके लवण तथा पानी बनाते है।

$NaOH + HCl \rightarrow NaCl + H_2O$

कास्टिक सोडा हाईड्रोक्लोरिक अम्ल $\rightarrow$ सोडियम क्लोराइड (लवण) + पानी

$KOH + HNO_3 \rightarrow KNO_3 + H_2O$

कास्टिक पोटाश + नाइट्रिक अम्ल $\rightarrow$ पोटेशियम नाइट्रेट (लवण) + पानी

(iii) धातुओं के आक्साइड (MgO) व सल्फुरिक अम्ल $\rightarrow$ मैगनीशियम सल्फेट (लवण) + पानी

(iv) धात्विक कार्बोनेट से अभिक्रिया द्वारा कार्बनडाई आक्साइड गैस बनाते हैं।

$CaCO_3 + 2HCl \rightarrow CaCl_2 + CO_2 \uparrow$

केलशियम हाइड्रोक्लोरिक $\rightarrow$ कैलशियम पानी कार्बनडाई आक्साइड

कार्बेनेट अम्ल क्लोराइड

दैनिक जीवन में उपयोग में आने वाले भोजन के अवयवों में अम्ल उपस्थित होता है जैसे सिरके में एसिटिक अम्ल, अंगूर तथा इमली में टारटेरिक अम्ल, नींबू के रस में साइट्रिक अम्ल तथा दही में नैक्टक अम्ल होता है। इन सभी पदार्थो का स्वाद अम्ल की उपस्थिति के कारण खट्टा होता है।

क्षार -

जो यौगिक लाल लिटमस को नीला कर देते हैं, अम्लों से क्रिया करके लवण तथा पानी बनाते है, क्षारक कहलाते है। क्षारक धातुओं या धातुओं के समान व्यवहार करने वाले मूलकों (जैसे–) के आक्साइड अथवा हाइड्रोक्साइड होते हैं।

CaO	**+**	**2HCl**	**$\rightarrow$**	**$CaCl_2$**	**+**	**H_2O**
क्षार		**अम्ल**		**लवण**		**पानी**

ऐसे क्षारक जो पानी घुलनशील होते हैं, क्षार कहलाते हैं। सभी क्षारक, क्षार नही होते हैं यद्यपि प्रत्येक

क्षार क्षारक होता है। आयनीकरण के सिद्धांत के अनुसार क्षारक पानी में घुलने पर हाइड्रोजन आयन (OH) आवश्यक रूप से उत्पन्न करते हैं

प्रमुख क्षार Na OH, KOH, NH_4 OH आदि हैं।

(i) (क्षार अम्लों से क्रिया करके लवण व पानी बनाते है)।

$KOH + HCl \rightarrow KCl + H_2O$

क्षार अम्ल लवण पानी

$NH_4OH + HCl \rightarrow NH_4Cl + H2O$

क्षार अम्ल लवण पानी

(ii) (क्षार अधातुओं के आक्साइडों से क्रिया करके भी लवण तथा पानी बाते है)।

$CO_2 + 2NaOH \rightarrow Na_2CO_3 + H_2O$

अधात्वीक आक्साइड क्षार लवण पानी

$SO2 + 2KOH \rightarrow K_2SO_3 + H_2O$

सल्फर डाई आक्साइड क्षार लवण पानी

कांच बनाने तथा कांच के उपकरण बनाने में सोडा (कपड़े धोने का)तथा अपमार्जक में सोडियम हाइड्रोक्साइड तथा पोटेशियम हाइड्रोक्साइड का उपयोग किया जाता है। कृत्रिम रेशम के निर्माण में अमोनियमहाइडथेक्साइड का उपयोग किया जाता है।

लवण–

अम्ल तथा क्षारक की परस्पर उदासीनीकरण की अभिक्रिया द्वारा पानी के अतिरिक्त बनने वाला यौगिक लवण होता है।

$NaOH + HCl \rightarrow NaCl + H2O$

क्षार अम्ल लवण पानी

अम्ल में उपस्थित हाइड्रोजन का धातु अथवा धातु के समान व्यवहार करने वाले मूलक द्वारा पूर्ण रूपेण अथवा आंशिक रूपेण प्रतिस्थापन होने पर प्राप्त होने वाले यौगिक को लवण कहते हैं। जैसे–

आंशिक प्रतिस्थापना - $NOH + H_2SO_4 \rightarrow KHSO_4 + H2O$

क्षार अम्ल लवण पानी

पूर्ण प्रतिस्थान : $2KOH + H_2SO_4 \rightarrow K_2SO_4 + 2H2O$

क्षार अम्ल लवण पानी

लवण निम्न प्रकार के होते हैं।

(i) सामान्य लवण-

सिकी अम्ल की सम्पूर्ण हाइड्रोजन के विस्थापन से प्राप्त लवण, सामान्य लवण कहलता है।

जैसे – $NaCl$, KNO_3, $Cuso_4$, $MgCl_2$, $Na_2 So_4$

(ii) अम्लीय लवण-

अम्ल के हाइड्रोजन के आंशिक विस्थापन से प्राप्त लवण, अम्लीय लवण होते हैं।

जैसे – $NaHSO_4$, $KHCO_3$, $NaHCO_3$

(iii) क्षारीय लवण-

अम्ल द्वारा क्षारक के अपूर्ण उदासीनीकरण से प्राप्त लवण, क्षारीय लवण कहलाते हैं

जैसे– $Mg (OH) Cl_2$, $BiOCl_3$

मिश्रित लवण–

इस प्रकार के लवण में एक से अधिक अम्लीय अथवा क्षारीय मूलक होते हैं।

जैसे– $Ca (OCl) Cl$ (विरंजक चूर्ण) (सोडियम पोटेशियम सल्फेट) आदि

संकर लवण -

जो लवण पानी में घोलने परएक साधारण आयन तथा एक संकर आयनदेते हैं, संकर लवण कहलाते हैं।

जैसे-

पोटेशियम फेरोसायनाइड $K_4 Fe (CN)_6$

(i) युग्म लवण -

अणु भारों के अनुपात में दो सरल या सामान्य लवणों को मिलाने पर युग्म लवण प्राप्त होता है। यह पानी में घुलकर आयनन द्वारा अवयवी लवणों के आयन देता है।

जैसे फिटकरी $K2 SO_4 Al2 (SO_4)3 24H2 O$, फैट्स अमोनियम सल्फेट $Fe SO4 (NY4)_2 SO4 6H_2 O$

दैनिक जीवन में सोडियम कार्बोनेट का उपयोग धोने के सोडे के रूप में किया जाता है। सोडियम बाइकार्बोनेट का उपयोग पेय पदार्थोमें तथा पेट की अम्लीयता दूर करने में किया जाता है। टिकरी का उपयोग पानी के शोधन में किया जाता है।

2.3.3 हाइड्रोजन गैस बनाने की प्रयोगशाला विधि -

प्रयोग शाला में हाइड्रोजन गैस बनाने के लिए चित्रानुसार एक दो मुंह वाली (वुल्फ) बोतल में दानेदार जस्ता लेकर दो काको की सहायता से एक में बूंदकीय तथा दूसरे मुंह में चित्रानुसार मुड़ी हुई निकास नली सम्बबद्ध की जाती है निकाल नली का स्वतंत्र सिराएक गैस जार में समाप्त होता है। बोतल में दोनों मुंह पर लगे कार्क पर प्लास्टर आफ पेरिस का पेस्ट लगाकार लीकप्रूफ बना दिया जाता है।



चित्र 2.6 **हाइड्रोजन गैस बनाने की प्रयोगशाला विधि**

बूंदकीय द्वारा तनु सल्फयूरिक अम्ल बोतल की तलों मे लिए गए जस्ते पर गिराया जाता है। रासायनिक क्रिया प्रारम्भ हो जाती है तथा हाइड्रोजन गैस बनती जाती है जो निकास नली से होकर गैस जार में लिये गये पानी को विस्थापित करती जाती है। इस प्रकार सम्पूर्ण पानी के विस्थापन के पश्चात (जो नाद में गिर जाता है) हाइड्रोजन गैस जार में एकत्रित कर ली जाती है।

अभिक्रिया दर्शाने वाली रासायनिक समीकरण -

$Zn + H_2SO_4 \rightarrow ZnSO_4 + H_2$

जस्ता सल्फ्यूरिक अम्ल जिंक सल्फेट हाइड्रोजन

शुद्ध हाइड्रोजन प्राप्त करना – सल्फूरिक अम्ल और जस्ते की अभिक्रिया से प्राप्त हाइड्रोजन में निम्नलिखित अपद्रव्य होते है

1- आर्सीन (AsH_3) और फास्तन (PH_3)

2- हाइड्रोजन सल्फाइड (H_2S)

3- सल्फर डाई आक्साइड (SO_2) कार्बन डाईआक्साइड (CO_2) नाइट्रोजन के आक्साइड (NO_2) आदि।

4- पानी की वाष्प।

इन अपद्रव्यों की दूर करने के लिये हाइड्रोजन गैस को निम्नलिखित पदार्थो से भरी U नलियों से प्रवाहित करना पड़ता है।

1- ($AgNO_3$) विलयन से भरी नली से जिसमें (AsH_3) और (PH_3) अवशोषित हो जाती है।

(आरसीन) (फास्फीन)

2- लेड नाइट्रेट विलयन से भरी नली से जिमें अवशोषित हो जाती है।

3- KOH (पोटेशियम हाइड्राक्साइड) से भरी नली में से जिसमें SO_2, NO_2, CO_2 आदि की अशुद्धियां दूर हो जाती है।

4- निर्जल $CuCl_2$ (कैल्शियम क्लोराइड) से भरी नली से जो जलवाष्प को अवशोषित कर लेती है।

पाठगत प्रश्न

प्रश्न1 रासायनिक सूत्रों एवं समीकरण के क्या लाभ है ?

उत्तर– संकेत – रासायनिक संकेत, सूत्रएवं समीकरण पढ़ें।

प्रश्न2 हाइड्रोजन बनाने की प्रयोग शाला विधि का सचित्र वर्णन करो ?

उत्तर– संकेत – हाइड्रोजन बनाने की प्रयोग शाला विधि का वर्णन एवं नामांकित चित्र देखें।

पुनरावलोकन

1- द्रव्य की तीन अवस्थाएँ होती हैं।

ठोस, द्रव एवं गैस

उदाहरण – वर्फ, पानी और भाप।

2- गैस तथा द्रव के अणुओ का अपने वातावरण में फैलना विसरण है।

3- ठोसके द्रव में परिवर्तन को गलन कहते हैं।

4- वस्तुओं को अलग–अलग समूहों या वर्गो में व्यवस्थित करने की प्रक्रिया को वर्गीकरण कहते हैं।

5. मिश्रण के अवयवों का कोई निश्चित अनुपात नहीं होता, जबकि यौगिक के अवयवों का निश्चित अनुपात होता है।

आत्म परीक्षण के प्रश्न

प्रश्न 1 हाइड्रोजन गैस बनाने की प्रयोगशाला विधि को सचित्र समझाओं।

प्रश्न 2 वस्तुओं के वर्गीकरण का प्रमुख आधार क्या है ?

प्रश्न 3 पदार्थ वर्गीकरण के मुख्य बिन्दु कौन–कौन से हैं।

प्रश्न 4 अणु और परमाणु में अन्तर लिखो।

प्रश्न 5 आसवन और निथारना क्रिया समझाओ।

पत्राचार पाठ्यक्रम

माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल

(द्वारा सर्वाधिकार सुरक्षित)

डिप्लोमा इन एजूकेशन परीक्षा

द्वितीय वर्ष

प्रश्न पत्र एवं विषय - **प्रश्न पत्र - 12**

पर्यावरण शिक्षा विज्ञान एवं उसका शिक्षण

पाठ क्रमांक 3

विषयांश - हमारे आसपास की वातारण

3. (अ) उपइकाई – कार्बन के बहुरूप, हाइड्रोकार्बन, पेट्रोलियम कुकिंग गैस, अग्निशामक

विषयवस्तु -

पाठगत प्रश्न (लघुउत्तरीय)

प्रश्न 1. सर्वश्रेष्ठ ईधन कौन सा है, और क्यों ?

उत्तर गैसीय ईंधन सर्वश्रेष्ठ होता है क्योंकि इसे आसानी से सिलिंडर में भरकर रखा जा सकता है एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाया जा सकता है नियंत्रित गति से जलाया जा सकता है। ; नियंत्रित गति से जलाया जा सकता है। जलने के बाद राख जैसा काई अवशेष नहीं बचता है। जलाने से प्राप्त उष्मीय ऊर्जा का मान काफी अधिक होता है, तथा हानिकरक उत्पाद नहीं बनते हैं।

प्रश्न 2. सरलतम हाइड्रोकार्बन का नाम एवं सूत्र लिखिये ?

उत्तर सरलतम हाइड्रोकार्बन का नाम मीथेन एवं सूत्र CH_4 है।

3.1.1 कार्बन के बहुरूप – प्रक ति में यदि कोई तत्व एक से अधिक रूपों मं पाया जाता है जिसके भौतिक गुण में असमानता होते हुए भी रसायनिक गुण समान हो तो इन सभी विविध रूपों को उस तत्व के बहुल्य कहते हैं तथा इस गुण की बहुरूपता कहते हैं।

कार्बन के बहुरूपों को निम्नतालिका द्वारा समझाया जा सकता है।



3.1.2 हाइड्रोकार्बन

यह केवल हाइड्रोजन तथा कार्बन युक्त यौगिक होते हैं। इनमें मैथेन (CH_4) सरलतम यौगिक है। इनके एक अणु में कार्बन का एक परमाणु हाइड्रोजन के चार परमाणुओं से युक्त होता है। मेथेन प्राक तिक गैस का मुख्य अवयव है। यह कोयले की खदानों में भी पायी जाती है मेथेन तथा वायु का मिश्रण्ण जवाला अथवा चिंगारी द्वारा विस्फोट उत्पन्न कर सकता है।

हाइड्रोकार्बन वसीय एलीफैटिक तथा सोरमिक एरोमेटिक होते हैं। एलीफेटिक हाइड्रोकार्बन में संत प्त तथा असंत प्त दोनों प्रकार के हाइड्रोकार्बन होते हैं। संत प्त हाइड्रोकार्बन के मेथेन के अतिरिक्त एथेन (C_2H_2) प्रापेन (C_2H_4) ब्यूटेन (C_4H_{10}) पेन्टेन (C_5H_{12}) आदि प्रमुख हैं। जबकि असंत प्त हाइड्रोकार्बन में इथलीन (C_2H_4) प्रोपलीन (C_3H_6) एसिटलीन (C_2H_2) प्रोपाइन (C_3H_4) आदि मुख्य हैं। प्रारंभिक हाइड्रोकार्बन में बैंजीन (C_6H_6) टोलबीन (C_7H_8) आदि महत्वपूर्ण है किसी भी हाइड्रोकार्बन श्रेणी में किन्हीं दो क्रमागत सदस्यों के बीच CH_4अन्तर पाया जाता है। श्रेणी विशेष के सभी सदस्यों को कुछ सामान्य विधियों द्वारा बनाया जा सकता है। तथा उन सभी सदस्यों के रासायनिक गुणों में पूर्ण समानता पाई जाती है, जबकि अणुभार मं व द्धि के कारण भौतिक गुणों में क्रमिक अन्तर पाया जाता है।

3.1.3 ईथन -

हमारे देश में उपयोग में लायेजाने वाले ठोस ईंधन लकड़ी, गोबर के कण्डे, क षि उपद्रव्य, कोयला तथा लिग्नाइट है। ग्रामीण क्षेत्रों में इन्हीं के द्वारा घरेलू आवश्यकताओं की आपूर्ति होती है। बढ़ती हुई मांग के कारण इन ईधनों की कमी होती जा रही है। अधिकता में धुंआ उत्पन्न होने के कारण बीमारियों के उत्पन्न होने की आशंका बनी रहती है। वायु प्रदूषण की भी समस्या रहती है।

कोयला एक महत्वपूर्ण ईंधन है। शहरों, उद्योग, तथा – पावरस्टेशनों में इसका उपयोग होता है कोयले में कार्बन तथ अन्य पदार्थ होते हैं वायु की अनुपस्थिति में कोयला गर्म करने पर तेलीय द्रव के साथ ही कोक तथा कोल गैस उत्पन्न करता है, यह द्रव कोलतार के नाम से जाना जाता है।

3.1.4 द्रव ईधन व पेट्रोलियम -

अधिकांशतः भारतीय घरो में केरोसीन (मिट्टी का तेल) द्रव ईंधन के रूप में प्रयुक्त होता है। कुछ अन्य द्रव ईंधन जैसे पेट्रोल तथा डीजल आदि प्रमुख हैं। ये पेट्रोलियम से प्राप्त किये जाते है।

पेट्रोलियम दो ग्रीक शब्दों पेट्रा अर्थात् चट्टान तथा ओलियम अर्थात तेल से निकला है, जिसका अर्थ चट्टानों से प्राप्त तेल है। ऐसा विश्वास किा जाता है, कि पेट्रोलियम लाखों वर्ष पूर्व समुद्रतल में कीचड़ की पत्तों में पेड़ पौधों तथा जीवधारियों` दबने तथा उच्चताप व दबाव पर आसवन द्वारा बनता है।

पेट्रोलियम गहरे रंग का तेली पदार्थ है। ह अप्रिय गंधनीय होता है। भूगर्भ में पन्द्रह हजार फुट गहराई पवर गैसीय पदार्थो के गाढ़े चिपचिपे द्रव` रूप में पाया जाता है, जिसे लम्बे पाइपों द्वारा खनन करके निकाला जाता है।

1- **द्रव चलित प्रेस :-** काटन बेल को कम्प्रेस करने में उपयोग में लाई जाती है।

2- **द्रव चलित ब्रेकः-** आटोमोबाइल में उपयोग में लाए जाते है।

3- **द्रव चलित लिफट :-** भारी वस्तुए जैसे कार आदि को उठाने में उपयोग किया जाता है।



चित्र द्वारा पास्कल का नियम दर्शाया

4.1.9 आर्कमिडीज का सिद्धांत - इस सिद्धांत के अनुसार जब किसी ठोस का किसी द्रव में पूर्णतः या आंशिक रूप से डुबोया जाता है तो उसके भार में कमी आ जाती है। भर में कभी उस ोस द्वारा हटाये गये द्रव के भार में बराबर अर्थात् उत्क्षेप के बराबर होती है।

वास्तव में यह सिद्धांत किसी भी आकृति के ठोस के लिए तथा द्रव व गैस दोनों में (अर्थात तरल में) लागू होता है।

उपपत्ति - चित्र (4.4) में ऊचाई तथा अनुप्रस्थ क्षेत्रफल का एक बेलनाकार ठोस धनत्व क वाले में पूर्णतः डूबा हुआ है है। द्रव वेलन की दीवार के विभिन्न बिन्दुओं पर द्रव के करता है बेलन, की दीवार के विभिन्न बिन्दुओं पर द्रव के कारण लगने वाले बल, आमने–सामने के बिन्दुओं पर एक दूसरे के बराबर तथाविपरीत होने के कारण एक–दूसरे को सन्तुलित कर लेते है। यदि द्रव के स्वतंत्र से बेलन के ऊपरी प ष्ठ । की गहराई 5_1 तथा निचले प ष्ठ B गहराई h_2 है तो बेलन के ऊपरी प ष्ठ । पर कुल 91वायु वायुमण्डलीय दाब + द्रव



चित्र आर्केमिडिज का सिद्धांत दर्शाया गया है;

स्तर h_1 का दाब या $p = P + H de$

बेलन के निचले प ष्ठ पर ऊपरी प ष्ठ A पर नीचे की ओर लगने वाला बल

F_1 = दाब X क्षेत्रफल $= (P+h_1 dg) a$

इसी प्रकार, बेलन के लिचले प ष्ठ ठ पर कुल दाब

P_2 = वायुमण्डलीय दाब + द्रव स्तम्भ $= h_2$ का दाब

$P_2 = P + h_2 dg$

बेलन के निचले प ष्ठ पर ऊपर की ओर लगने वाला बल

F = दाब X क्षेत्रफल $= (P+h_1 dg) a$

चूँकि $h_2 > h_1$ अतः F_1 F_2

अर्थात् ऊपर की ओर लगने वाला बल > नीचे की ओर लगने वाला बल

$= F_2 F_1 = (P + h_2 dg) a - (P + h_1 dg) a$

उत्क्षेप $= (h - h) dga$

अब चूंकि बेलन द्वारा विस्थापित द्रव का आयतन = बेलन का आयतन = ha

बेलन द्वारा विस्थातिपत द्रव का भार = आयतन ग घनत्व x g

माकरण (5) व (6) से,

द्रव के कारण बेलन पर उत्क्षेप = बेलन द्वारा विस्थापित द्रव यही आर्कमिडीज का सिद्धांत है।

वस्तुओं का तैरना -

जब किसी ठोस को किसी द्रव मे डुबोया जाता है तो ठोस पर निम्नलिखित दो बल लगतेहै :–

(i) ठोस का भार W ठोस के गुरूत्व केन्द्र पर ठीक नीचेकी ओर लगता है।

(ii) ठोस पर द्रव का उत्क्षेप W जो ठोस द्वारा हटाये हुए द्रव के गुरूत्व – केन्द्र पर ठीक ऊपर की ओर लगता है।

किसी ठोस का द्रव में डूबना या तैरना इन दोनों बलों के अपेक्षित मान पर निर्भर करता है, इसकी निम्नलिखित स्थितियां संभव है।

स्थिति 1 :- अगर (W - w) धनात्मक है, तब W w होगा इस स्थिति में ठोस परपरिणामी बल v-w नीचे की ओर लगेगा, तथा ठोस को द्रव में स्वतंत्र छोड़ देने पर वह नीचे डूबता जाएगा और बर्तन की

ली पर जाकर टिकेगा । देखिये स्थिति A.

स्थिति 2 :- यदि (W - w) शून्य हैं तब W = w अर्थात ठोस का भार, ठोस द्वारा हटाये गये द्रव के भार के बराबर हो इस स्थिति में परिणामी बल शून्य होगा अतः ठोस द्रव में पूरी तरह डूबा तैरता रहेगा। यह ठोस की द्रव में प्लवन अथवा तैरने की अवस्था है। उदाहरणार्थ, समान आयतन में मिले जल एवं एल्कोहल के मिश्रण में जैतून के तेल की बूंद का तैरना। ऐसे ठोस का घनत्व द्रव के घनत्व के बराबर होता है।

स्थिति 3 :– जबकि W - w ऋणात्मक हो, तब W < w होगा। इस अवस्था में ठोस पर परिणामी बल (w-W) ऊपर की ओर लगेगा जिसके कारण ठोस को द्रव में छोड़ देने पर वह ऊपर की ओर उठने लगेगा। सन्तुलन की अवस्था में ठोस का केवल उतना ही भाग द्रव में डूबेगा जितने भाग द्वारा हटाये गये द्रव का भार, सम्पूर्ण ठोस के भार के बराबर हो जाए अतः सन्तुलन की स्थिति में ठोस का आभासी भार शून्य होगा उदाहरणार्थ, कार्क,लकडी,आदि का पानी में तैरना। ऐसे ठोस का घनत्व से कम होता है।

अतः सन्तुलन में वस्तु के तैरने के लिये निम्न दो आवश्यक शर्ते है।

(i) वस्तु का भार उसके द्वारा हटाये गये द्रव के भार के बराबर होना चाहिये।

(ii) वस्तु का भार तथा उत्क्षेप बल एक ही उर्ध्वाधर में होना चाहिये।

किसी ठोस को द्रव में डुबाने पर उसका कितना भाग द्रव में डूबेगा, ये द्रव तथा ठोस के घनत्वों पर निर्भर करता है।



चित्र 4-5

इस्पात का घनत्व जल में अधिक होते हुए भी,इस्पात से बना जलयान समुद्र में तैरता है, क्योकि जलयान का अधिकांश भाग खोखला होता है जिसमें यह पर्याप्त अधिक आयतन का जल विस्थापित करता है। जलयान के डूबे हुए भाग द्वारा विस्थापित जल का भार, जलयान के सम्पूर्ण भार के तुल्य होता है।

4.1.10 घर्षण–

दैनिक जीवन में हमारा अनुभव हैं, कि चिकनी सतह पर कोई पिंड खिसकना सरल है, अपेक्षाक त खुरदरी सतह के। सतह चिकनी होने पर घर्षण बल कम हो जाता है। यह बल गति समान्तर एक बल क्रियाशील हो जाता है, जिसकी दिश गति के ठीक विपरीत होती है, यह गति विरोधी बल घर्षण कहलाता है। घर्षण से कई लाभ होते है। घर्षण के कारण ही भोजन चबा पाना सम्भव है। भूमि व जूतों (या पैर) के बीच घर्षण होने

के कारण चलना या खड़े होना सम्भव है। दीवाल में कील ठोकना,भवन की दीवार निर्माण, हेंगर पर कपड़ा टांगना आदि घर्षण के कारण ही सम्भ्व है। घर्षण के कारण आग जलना और आटा पीसना संभव है। घर्षण से अनेकों हानियां भी है। मशीनों की गति में घर्षण बाधक है। इसके कारण मशीन की दक्षता कम हो जाती है। मशीन के पुर्जे भी घर्षण के कारण घिस जाते है। घर्षण बल कम करने के लिये घर्षण कर राह सतहो की बीच तेल (चिकना द्रवच) डाला जाता है। ग्रीसिंग का महत्व भी घर्षण कम करने में है। बारीक पुर्जो में घर्षण कम करने हेतु ग्रेफाइट चूर्ण प्रयोग में लाते है। धुरी व पहिए के बीच घर्षण कम करने के लिए बाल बायरिंग या छर्रो को उपयोग में लाते है।

3.1.11 मशीन इस मशीनी युग में हम प्रतिदिन अनेक मशीनें उपयेग में लाते है। सिलाई मशीन,कपड़े धोने की मशीन पंखा,मिक्सी,स्कूटर,पानी खींचने का पंप आदि मशीने प्रायः उपयोग में लाई जाती है। कारखानों की जटिल मशीन भी हमें अनेक उपयोगी उत्पाद देती है। ये सब जटिल मशीनें अनेक सरल–मशीनों का सम्मिलित रूप है। कैंची, तराजू,पहिया व धुरी सरल मशीनों के कुछ उदाहरण है।

मशीन क्या है?

मशीन एक ऐसा साधन है,जिसके द्वारा एक बिन्दु पर लगाया गया बल, दूसरे बिन्दु पर प्रभावी हो सके या उसके द्वारा बल की दिशा या परिमाण परिवर्तित किया जा सके, घिरनी द्वारा बल की दिशा में परिवर्तन किया जाता है। सरौते में बल का परिमाण परिवर्तित होता है। पहिया–धुरी के द्वारा कम बल लगाकर अधिक प्रभाव प्राप्त किया जाता है।

सरल मशीनों के प्रकार-

मशीनों को दो प्रकारों में वर्गीक त किया जा सकता है। उत्तोलक (लीवर) के सिद्धांत पर आधारित मशीनें और 2 नल तल के सिद्धांत पर बनी मशीनें। उत्तोलक,घिरनी पहिया व धुरी प्रथम सिद्धांत पर आधारित सरल मशीनें है। नत तल, जैक स्क्रू, पंच्चड़ आदि द्वितीय सिद्धांत पर आधारित है।

क्रमांक	**सरल**	**उदाहरण/उपयोग**
(i)	उत्तोलक	तराजू, कैंची,सरौता,चिमटा आदि। सब्बल (लोहे की छड़) का लीवर या उत्तोलक के रूप में भारी पत्थर खिसकाने में उपयोग किया जाता है।
ञ(ii)	घिरनी	कुएं से पानी खीचने में केन में लिफ्ट पद्धति में यह उपयोगी है।
(iii)	पहिया व धुरी	विशेष रूप से वाहनों एवं कारखानों में उपयोगी।
(iv)	नत तल	ट्रकों पर भारी बोझ चढ़ाने में और स्कूटर चबूतरे पर चढ़ाने समतल काउपयोग करते है। नत तल की सहायता से भारी वस्तुएं आसानी ऐ ऊंचे स्थान पर पहुंचाई जा सकती है।



कील निकालने वाला हथौड़ा



सब्बल से भारी पत्थर खिसकाना

एकल अचल घिरनी



नत तल द्वारा ट्रक पर भारी वस्तु चढ़ाना

अचल एकल घिरनी से भार उठाने में लगाया गया बल प्रयास भार के बरार ही होता है। लाभ केवल वह है कि लगाये गये बल की दिशा घिरनी द्वारा सुविधानुसार परिवर्तित कर दी जाती ह। कम प्रयास लगाकर अथिक भार उठाने के लिये कई घिरनिया एक साथ (घिरनी तंत्र उपयोग में लाते है।)



कई सरल मशीनों का संयुक्त, रूप से उपयोग करके जटिल या संयुक्त मशीनें बनाई जाती है। उदाहरणार्थ सिलाई की मशीन में उत्तोलकः घिरनी पहिया और धुरी का संयुक्त रूप से उपयोग होता है।

पाठ का पुनरावलोकन

1. पिण्ड की गतिशील स्थिति में प्रारम्भिक स्थिति के सापेक्ष विस्थापन या स्थान परिवर्तन होता है।

2. गतियों के कई प्रकार होते है, रेखिक, व त्तीय,कम्पन, घर्षण आदि।

3. इकाई समय में चली दूरी,चाल और निश्चित दिशा चाल वेग है।

4. बल विरामावस्था या गत्यात्मक अवस्था में परिवर्तन लाता है। या लाने का प्रयास करता है।

5. बल के कई प्रकार है– पेशीय गुरूत्बीय,चुम्बकीय,विद्युतीय और नाभिकीय बल।

6. घर्षण बल से कई लाभ और कई हानिया है।

7. लीवर,घीरनी,नत तल,पहिया धूरी आदि सरल मशीन है, जिनको संयुक्त कर जटिल मशीनें बनती है।

आत्म परीक्षण प्रश्न

निर्देश बिना उत्तर कुंजी देखे निम्नांकित प्रश्न हल करो तथा उत्तर कुंजी से मिलान कर स्वयं मूल्यांकन करो।

प्रश्न 1. सर्वाधिक सही उत्तर चुनकर लिखो–

(i) पेशीय बल का उदाहरण नहीं है–

(अ) बोझ ढ़ोना (ब) साइकिल चलाना

(स) पेड़ से सेब नीचे गिरना (द) कुएं से पानी खींचना

(ii) किस ताप पर जल का घनत्व सर्वाधिक होता है

(अ) 0^0 C (ब) 4^0C

(स) 40^0C (द) 10^0C

(iii) सत्य कथन है।

(अ) चाल सदिश और बेग अदिश है। (ब) चाल व वेग दोनों सदिश है।

(स) चाल व वेग दोनो अदिश है। (द) चाल अदिश और वेग सदिश है।

प्रश्न 2. पास्कल का नियम चित्र सहित समझाइये।

प्रश्न 3. आप कैसे समझायेंगे कि वस्तुयें पानी में कैसे तैरती है।

प्रश्न पत्र 12

प्रश्नपत्र का नाम	**पर्यावरणीय शिक्षा (विज्ञाान) एवं उसका शिक्षण**
विषयांश	**ऊर्जा**
उपइकाई (अ)	**कार्य एवं ऊर्जा में सम्बन्ध,ऊर्जा के विभिन्न रूप यांत्रिक, रासायनिक, स्थितिज, गणित ऊर्जा का रूपान्तरण**

विषयः	**पर्यावरणीय शिक्षा (विज्ञाान) एवं उसका शिक्षण**
विषयांश	**ऊर्जा**
उप विषयांश	ऊर्जा कार्य एवं ऊर्जा में सम्बन्ध, ऊर्जा के विभिन्न रूप यांत्रिक, रासायनिक, स्थितिज, गणित ऊर्जा का रूपान्तरण

5.1 कार्य :- नियम बल द्वारा किया गया कार्य

दैनिक जीवन में सामान्यतः हम अपने द्वारा किये गये शारीरिक अथवामानसिक परीश्रम को कार्य कहते हैं। जैसे पढ़ना, खेलना, साइकिल चलाना, नावचलाना, दीवार पर धक्का देना, आदि सभी में हम कहते हैं कि हमने कार्य किया। लेकिन कई भाषा में कार्य का अर्थ दैनिक जीवन की भाषा से अलग होता है। कार्य करने के लिये एक बल की आवश्यकता होती है तथा इस बल किसी वस्तु परलगाकर उसमें गति उत्पन्न की जाती है। यदि बल लगाने से वस्तु में कोई गति उत्पन्न नहीं होती विज्ञान की द ष्टि से कोई कार्य नहीं होता है, चाहे हम कितना ही बल कितनी ही देर तक क्यों न लगाए उदाहरण के लिये जब हम दीवार पर धक्का लगाते हैं तो उसका कोई विस्थान नहीं होता है, अतः विज्ञान की भाषा में हमारे द्वारा किया गयाकार्य शून्य होगा।

किसी वस्तु में गति उत्पन्न करने के लिये जितना अधिक बल लगाना पड़ताहै, किये गये कार्य की मात्रा उतनी ही अधिक होती है। इसके अलावा, वस्तु का विस्थापन जितना अधिक होता है, किये गये कार्य की मात्रा की उतनी ही अध्कि होती है।

परिभाषा :- किसी बल द्वारा किया गया कार्य बल तथा बल की दिखा में उत्पन्न हुए विस्थापन के गुणनफल के बराबर होताहै।

यदि किसी वस्तु पर F बल लगाने से बल दिशा में वस्तु का विस्थापन S होता है। तो वस्तु पर दिया गया कार्य (चित्र 5.1)

W = x बल वल की दिशा में विस्थापन

या W = FS

ध्यान रहे उपरोक्त सूत्र में बल का परिमाण तथा S विस्थापन का परिमाण है।

कार्य की मात्रक - म.कस. पद्धति में कार्य का मात्रक न्यूटन x मीटर अर्थात जूल है। जूद की परिभाषा इस प्रकार से दी जा सकती है –

यदि किसी वस्तु पर 1 न्यूटन बल लगाने से उसका विस्थान बल की दिशा में 1 मीटर हो तो बल द्वारा कियागया कार्य 1 जूल होगा।

ऊर्जा - किसी वस्तु की कार्य करने की कुल क्षमता को उस वस्तु की ऊर्जा कहते है।

अतः उस प्रत्येक वस्तु में जो कुछ र्का करने की क्षमता रखती है, ऊर्जा होती हे। उदाहरण के लिये चाबी भरी घड़ी की स्प्रिंग घड़ी की सूइयां चला सकती हैं, गतिशील हथौड़े से कील गाड़ी जा सकती है, जलता कोयला पानी को भाप में बदल सकता है, बन्दूक से निकली गतिमान गोली लक्ष्य को भेद सकती है, चलता हुआ पत्थर पेड़ से फल तोड़ सकताहै, चलती हुई आंधी छप्पर व टीन उ़डा सकती है, खिचे हुए तीरकमान लक्ष्यको भेद सकते है। ऊंचाई परएकत्रित पानी विद्युत ऊर्जा उत्पन्न कर सकताहै। इस प्रकार उपरोक्त प्रत्येक वस्तु में ऊर्जा निहित है।

ऊंर्जा का मापन -किसी वस्तु की ऊर्जा का मापन उस कार्य से किया जाता है जो वह वस्तु अपनी वर्तमान स्थिति से परिवर्तित स्थिति में आने में कर सकती है।

5.2 कार्य एवं ऊर्जा में संबंध-

व्यक्ति या मशीन के कार्य करने की क्षमता को ऊर्जा कहते हैं अर्थात

ऊर्जा = कार्य करने की कुल क्षमता

= बल लगाने की क्षमता ग बल की दिशा में स्थनान्तरण

= F x d

इस प्रकार स्थितिज ऊर्जा = किया गया कार्य

गुलेल से पत्थर फेंकने तथा धनुष पर चढ़ाये गये बाण (तीन) में स्थितिज ऊर्जा अन्तर्निहित होती है।

5.3 ऊर्जा के विभिन्न रूप - गतिज ऊर्जा यह वह ऊर्जा है जो वस्तु में अपनी गति के कारण निहित होती है। उदाहरण के लिये बन्दूक से निकली हुई गोली जब किसी लक्ष्य से टकराती है तो उसमें कुछ भीतर तक घुस जाती है इस गोली में अवश्य ही गति अवस्थामें गतिज ऊर्जा थी। इसी प्रकार चलती हुई रेलगाड़ी (या कार या साइकल), फेंकी हुई गेंद चलती हुई नाव, हिलता हुआ लोलक, उ़ता हुआ जहाज, गिरता हुजा पत्थर आदि सर्भ में गतिज ऊर्जा निहित होती है।

गतिज ऊर्जा की मा कार्य की उस मात्रा से की जाती है। जो वस्तु अपनी गति अवस्था से विरामावस्था तक लाये जाने में कर सकती है।

या दूसरे शब्दों में गतिज ऊर्जा की माप गति की दिशा के विरूद्ध लगाये गये बल द्वारा किये गये उस कार्य से की जाती है। जो वस्तु के रोकने के लिये किय जाता है।

इसे प्रातः संकेत K अथवा T से प्रदर्शित करते है।

यदि किसी वस्तु का द्रव्यमान M है, उस पर बल लगाने से उस पर बल लगाने से उसमें d विस्थान पर उसके वेग V हो जाता है, तब गतिज ऊर्जा

K.E. = $1/2 MV^2$

K.E. = गतिज ऊर्जा

M = दव्यमान

V = वेग

5.4 स्थितिज ऊर्जा (Potential Energy)

स्थितिज ऊर्जा को समझने के लिए आइये हम इस उदाहरण पर विचार करें –

एक द्रव्यमान की वस्तु को प थ्वी की सतह (संदर्भ सतह) से h ऊंचाई पर स्थ्ति वस्तु में अपनी स्थिति के कारण ऊर्जा उत्पन्न हो जाती है, जो उसे स्थिति में जाने के लिए गुरूत्व बल के विरूद्ध किये गये कार्य के बराबर होती है। यही स्थितिज ऊर्जा है।

अतः किसी वस्तु में अपनी स्थिति (संदर्भ सतह की तुलना में) के कारण जितनी ऊर्जा पर स्थित वस्तु में अपनी स्थिति के कारण ऊर्जा कहते हैं।

स्थितिज ऊर्जा के अनेक रूप होते हैं – जैसे (i) गुरूत्वीय स्थितिज ऊर्जा (ii) प्रत्यास्थ क्षिजिज ऊर्जा (iii) रसायनिक स्थितिज ऊर्जा (iv) विद्युत स्थितिज ऊर्जा (v) चुम्बकीय स्थितिज ऊर्जा

स्थितिज ऊर्जा कीमाप – उस कार्य से की जाती है जो वस्तु को सामान्य स्थिति से उस स्थिति या उस अवस्था तक लाने में किया जाता है।

स्थितिज ऊर्जा को पायः u द्वारा प्रदर्शित करते है।

5.5 यांत्रिक ऊर्जा

यांत्रिक ऊर्जा किसी वस्तु में अपना गति के कारण ..... जो कार्य करने व क्षमताहोता है उसे उस वस्तु की यांत्रिक ऊर्जा कहते है। वस्तु की गति... ऊर्जा को गति ऊर्जा कहते है। वस्तु की स्थिति के कारण उसें निहित ऊर्जा को स्थितिज ऊर्जा.. तथा स्थितज ऊर्जा के योग को यान्त्रिक ऊर्जा कहते हैं उदाहरण के लिये फैके गये पत्थर खिये तार में निहित ऊर्जा यान्त्रिक ऊर्जा है।

5.6 ऊर्जा का रूपान्तरण - एक प्रकार का ऊर्जा का दूसरी प्रकार की ऊर्ा में बदलना ऊज्र में दबलना ऊर्जा का रूपान्तरण कहलाताहै।

5.6 ऊर्जा का रूपान्तरण - एक प्रकार का ऊर्जा का दूसरी प्रकार की ऊर्जा का रूपान्तरण कहलाता है। उदाहरण –

(i) बांध में पानी ऊंचाई से गिराकर स्थितिज ऊर्जा को गजि ऊर्जा में बदला जाताहै।

(ii) ऊष्मा इन्जिनों में उष्मीय ऊर्जा को यान्त्रिक ऊर्जा में बदला जाताहै।

(iii) विद्युत बल्ब में ऊष्मीय ऊर्जा को प्रकाशित ऊर्जा में बदला जाता है।

(iv) ताप–विद्युत युग्म में ऊष्मीय ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में रूपान्तरित किया जाता है।

(v) प्रकाश विद्युत सेल में प्रकाश ऊर्जा का विद्युत ऊर्जा में रूपान्तरण होता है।

(vi) फोटोग्राफी प्लेट में प्रकाश ऊर्जा का रसायनिक ऊर्जा में रूपान्तरण होता है।

(vii) विद्यु घण्टी में विद्युत ऊर्जा का ध्वनि ऊर्जा में रूपान्तरण होताहै।

ध्यान रहे तिक ऊर्जा रूपान्तरण में स्थितिज ऊर्जा के किसी रूप में नहीं बदलती है बल्कि पहले स्थितिज ऊर्जा, गतिज ऊर्जा में बदलते हैं, तत्पश्चात, गतिज ऊर्जा, ऊर्जा के अन्य रूप बदलती है।

5.2 ऊष्मीय ऊर्जा-

ऊष्मीय ऊर्जा, ताप एवं उसका मापन ऊष्मा एवं उसका मापन, गलनांक एवं क्वथनांक द्रव्यों में ऊष्मीय प्रसार ऊषमा संचारण की विवियां।

5.2 उप-विषयांश :

ऊष्मा एक प्रकार की ऊर्जा है, जिसके किसी वस्तु में होने से वह वस्तु गरम प्रतीत होती है। तथ जिसके, निकल जाने से वह वस्तु ठण्डी प्रतीत होती है। ऊषमाका सम्बन्ध कार्य से भी है । जब कभी यांत्रिकी कार्य किया जाता है तो वस्तुएं गर्म हो जाती है उदाहरण के लिये अब हम अपनी हथेलियों को रंगड़ने है तो वह गर्म हो जाती है। हथौड़े से किसी लोहे के टुकड़े को पीटने करने से वह गरम हो जाता है, इस प्रकार हम कह सकते हैं कि यांत्रिक ऊष्मा एक प्रकार की ऊर्जा है जो पदार्थ के अणुओं की गति से प्राप्त होती है।

5.2.2 ऊष्मा तथा ताप

दैनिक जीवन में हम वस्तु को हाथ से छूकर बताते हैं कि वह वस्तु गरम है अथवा ठण्डी कोई वस्तु गरम तक प्रतीत होती है जबकि उसे छूने पर वस्तु को कुछ ऊष्मा निकलकर हमारे हाथ में आती है तथावह वस्तु तब ठण्डी होती है, जब उसे छूने पर कुछ ऊष्मा हमारे हाथ से निकलकर वस्तु में जाती है कोई वस्तु की अधिक अथवा कम गर्म है, इस मापन को तापमान कहते हैं।

पाठगत प्रश्न

प्रश्न 1 गतिज ऊर्जा एवं स्थितिज ऊर्जा की परिभाषा लिखो।

उत्तर .....

.....

गतिज ऊर्जा किसी वस्तु की गति के कारण जो ऊर्जा होती है, उसे गतिज ऊर्जा कहते है।
गजि ऊर्जा की माप, कार्य की उस मात्रा से की जाती है जो वस्तु अपनी गति अवस्था से विरामावस्था तक लाए जाने में कर सकती है।

प्रश्न 2 ऊर्जा के रूपान्तरण से क्या अभिप्राय है ?

.....

.....

एक प्रकार की ऊर्जा को दूसरे प्रकार की ऊर्जा का रूपान्तरण कहलाता है।
उपइकाई (ब) ऊष्मा– ताप एवं उकस मापन, ऊष्मा का प्रभाव, ऊष्मा कामात्रक, उष्णता, गलनांक, क्वथनांक द्रव्यों में रूष्मीय प्रसार ऊष्मा संचरण की विधियां ऊष्मा के रूप में

विषय वस्तु-

5.2.3 ऊष्मा मापन (Measurement of Heat)-

किसी पदार्थ में कितनी ऊष्मीय है ? उसका मापन केलोरी में किया गयाहै । ऊष्मीय ऊर्जा का मापनतीन राशियों पर निर्भर करताहै। पदार्थ का द्रव्यमान m (ii) पदार्थ की विशिष्ट ऊष्मा;) s

(iii) ताप व द्धि T अतः किसी वस्तु में ऊष्मीय ऊर्जा = m x s x T– केलोरी।

केलोरी से आश्यम है 1 ग्राम जल काताप 100 बढ़ने पर 1 केलोरी ऊष्मीय ऊर्जा लगेगी।

5.2.4 तापमान (Measurement of Temperature) –

अभी हमने देखा है कि किसी वस्तु के ताप का सही अनुमान स्पर्श करकेनहीकियाजा सकता है। जैसे दू मेंरखेलोहे व लकड़ी के टुकड़ों का तापसमान होने पर भी छूने पर लोहा लकड़ी के टुकड़ों का ताप समान होने पर भी छूने पर लोहा अध्कि र्म लगताहै ताप के सही मापन के लिए मापमापी (थर्मामीटर) का उपयोग किया जाता है नीचे दिये गये चित्र मे दो तापमानी दिखाएं गए हैं हम देखते है कि–

1) इनमें से एक थर्मामीटर सेल्सियस व दूसरा फेरन हाईट है।



2) सेल्सियस में ज का गलनांक O^{6}C तथा फैरनहाईट में गलनांक 320$_6$ है।

3) सैलिसयस में जल काक्वथनांक 100^0 C तथाफैरनहाईट में 212^0 C है।

4) इनमें चमकदार द्रव पारा भरा हुआ है।

वर्तमान में सेल्सियस थर्मामीटर काही प्रचलन है। पहले डाक्टरी थर्मामीटर (जवरमापी) फैरनहाईट थर्मामीटरका एक भाग होता था, जिसमें 94F तक के चिन्ह होते थे। आजकल डॉक्टरी थर्मामीटर सेल्सियस में बनाये गये हैं एक स्वस्थ व्यक्ति काताप सामान्यतया 94.4^0 F या37^{0}C रहता है। थर्मामीटर के चित्रों में दिये गये दो शब्दों गलनांक और क्वथनांक काअर्थ क्याहै ? आओ विचार करके देखें।

5.2.5 गलनांक (Melting Point)

यदि थर्मामीटर के बल्ब को बर्फ में रखें तो बर्फ के पिघलने तक पाराएक निश्चित ऊंचाई पर ठहरा रहता है। यहीबिन्ट बर्फ का गलनांक बिन्दु होता है।

5.2.6 क्वथनांक (Boiling Point)

यदि हम तापमापी के बल्ब को उबलते पानी से बनने वाली वाष्प में रखें, तो पारा एक निश्चित ऊंचाई पर ठहरा रहताहै। यहि बिन्दु पानी का क्वथनांक बिन्दु कहलाता है।

जिस ताप पर कोई द्रव उबलकर वाष्प में परिवर्तित हो जाता है। उस ताप को द्रव का क्वथनांक कहते है।

सेल्सियस तापमापी में कलनांक बिन्दु और क्वथनांक बिन्दु के बीचकी दूरी को 100 बराबर भागों में बांटने पर 1 भाग को 10C कहते हैं। क्वथनांक परवायुदाब काप्रभाव पड़ता है। दाब कम होने पर क्वथनांक कम और दबाव बढ़ने परक्वथनांक बढ़ जाता है। पहाड़ों पर कम दाब होने से दाल नहीं गलती है।

5.2.7 द्रव्यों पर ऊष्मा का प्रभाव

पदार्थो पर ऊष्मा के प्रभाव को जानने के लिए आइये हम इन घटनाओं पर विचार करें –

(1) गाड़ी के पहियों पर हाल (पारा) चढ़ाने के लिए लौहार हाल को गर्म करके पहिए पर चढ़ाताहै। बाद में उस उस पर पानी डालकर ठंडा करता है।

(2) एक कांच की खाली शीशी में रंगीन पानी (गुलाबी रंग डालकर) अब इस कार्क को शीशी के कार्क में छेद करके स्ट्रों/प्लास्टिक याकांच की पतली नली लगा देते हैं। अब इस कार्क को शीशी पर लगाकर पानी की सतह पर चिन्ह लगाते है। इसके बाद शीशी को गर्म करने पर सतह B नीचे आती है। और बाद में C तक चढ़ जाती है।

(3) हवा में भरे हुए गुब्बारे को धूप में रखने पर फूट जाता है।

पहले उदाहरण में ठंडा हाल पहिये पर नहीं चढ़ता है। गर्म करने परहाल पहिये पर चढ़जाताहैं तथा ठंडा करने परहल पूर्व अवस्था पहिये को पकड़ लेता है। इससे यही निष्कर्ष निकलता है कि ठोस पदार्थ ऊष्मा पाकर फैलते है। यही कारण है कि टेलीफोन या बिजली के तारों को दो खम्बों में बीच ढील देकर लगते हैं। दूसरे उदाहरण में शीशी गर्म होकर पहले फैलती है। इसलिए द्रव की सतह – तक नीचे गिरती है पानी गर्म होकर फैलता है। इसलिए फिर द्रव की सतह से भी ऊपर – तक पहुंच जाती है। द्रव काप्रसार शीशी के प्रसार से अधिक है। इससे निकलताहै कि उष्मा पाकरद्रवों में प्रसार होता है। यह कारण है कि स्याही का पेन धूप मेंरखने से फेल जाती है। और ऊष्मा पाकर थर्मामीटर का ताप बढ़ जाता है। तीसरे उदाहरण में धूप की उष्मीय ऊर्जा से गुब्बारे में भीर हवा फैलती है, जिससे गुब्बारा फूट जाता है। इससे निष्कर्ष निकलता है कि ऊपर पाकर गैसों में प्रसार होता है।



संवहन विधि

5.2.8 संचरण (Transmission of Heat)

ऊष्मा की तीन विधियां हैं – (1) संचालन (2) संवहन (3) विकिरण।

5.2.8.1 संचालन (Conduction)

लोहे की एक पट्टी का एक सिरा आग में रहने पर दूसरे सिरे तक ऊष्मा संचरण हो जाती है। आग में रखे सिरे के कण अपने पास वाले कण को उष्मा देते हैं। इस प्रकार डष्मा का संचारण की यह विधि सालन कहलाती है। जिन पदार्थो में उष्मा एक सिरे से दूसरे सिरे तक कणों के माध्यम से सवंचरित होता है उसे उष्मा के संचलन कहते हैं। जिन पदार्थो में उष्मा संचालन की विधि से एक सिरे में दूसरे सिरे तक जाता है। उनकों उष्मा का चालक कहते हैं। जैसे लोहा तांबा आदि ।

जिन पदार्थो में उष्मा एक सिरे से दूसरे सिरे तक संचरित नहीं हो पाती उनको उष्मा के कुचालक कहते है। जेसे लकड़ी कपड़ा, ऊन आदि । यही कारण है कि सर्दियों में कर्म कपड़े पहनने से शरीर का उष्मा बाहर नहीं जा पाती है।

5.2.8.2 संवहन (Convection)

इसमें द्रव के कण स्वयं उष्मा लेकरएक सिरे से दूसरे सिरे तक जाते है, सवहन विधि कहलाती है।

5.2.8.3 विकिरण (Radiation)

जब उष्मा अपने स्त्रोत से उष्मा लेने वाले तक सीधे से हम एक उष्माविकिरण की विधि से पहुंचती है, चूलहे के सामने खड़े रहने पर उष्माविकिरण द्वारा ही पहुंचती है।

आत्म परीक्षण प्रश्न

(1) किसी ठोस के पिघलकर द्रव बनने के बिन्दु को क्या कहते हैं ? (क्वथनांक, गलनाक, वाप्पन)

(2) किसी द्रव के क्वथनांक पर दबाव बढ़ने पढ़ने का क्या प्रभाव होता है ? (बढ़ जाताहै, घट जाताहै।)

(3) जब द्रव के करण स्वयं उष्मा को एक सिरे से दूसरे सिरे तक ले जाती है, तब यह उष्माके संचरण की कौन सी विधिहोगी। (संवालन, संवहन, विकिरण)।

पाठगत प्रश्न

प्रश्न 1 उष्मा और ताप का अन्तर स्पष्ट करने के लिए एक उदाहरण लिखो।

गलनांक एवं क्वथनांक की

प्रश्न 2 परिभाषा कीजिए।

उत्तर संकेत

प्रश्न 1 देखें अनुच्छेद क्रमांक 5.2.2

प्रश्न 2. देखें अनुच्छेद क्रमांक 5.2.5 ,oa 5.2.6

उपइकाई (स)

प्रकाश, प्रकाश के स्त्रोत प्रकाश का सरल रेखीय गनन, चन्द्रग्रहण, सूर्य ग्रहण, परावर्तन के नियम अपबर्तन के नियम एवं गोलीय दर्पण, लेन्स, द ष्टिकोण, माइक्रोस्कोप टेलीस्कोप की रचना

उप इकाई (स)

5.3 प्रकाशीय ऊर्जा

हमरे उष्मीय ऊर्जा के बारे में जान लिय ह। अब हम ऊर्जा के एक और रूप प्रकाशीय ऊर्जा के बारेमें सीखेंगे।

5.3.1 प्रकाशीय ऊर्जा

यह कहना सही नहीं है कि हम केवल आंख के कारण देखते हैं। वास्तव में हम प्रकाशीय ऊर्जा के कारण आंख से देखते है। इस बात को समझने के लिए आइए हम इस उदाहरण परविचार करें –

प्रकाश में रखे टेबिल को हम देख लेते हैं, परन्तु अंधेरा हो जाने पर कमरे में रखी टेबिल आख होने पर दिखाई नहीं देतीहै।

प्रकाशीय ऊर्जा के स्त्रोत (Source of light)

ब्रह्माण्ड मैं कुछ पदार्थ स्वदीप्त होते हैं, जेसे सूर्य औरतारे। चन्द्रमास्वयं प्रदीप्त नहीं है, परन्तु सूर्य के प्रकाश के कारण दिप्तमान हो जाताहै। इसी प्रकाश बिर्जीा काबल्ब स्वदीप्त नहीं पर विद्युत प्रवाहित करने पर दीप्तमान हो जाताहै।

सभी दिप्तमान पिण्ड एवं वस्तुएं प्रकाश के स्त्रोत कहलाते हैं। जैसे सूर्य, चन्द्रमा, बल्बआदि।

5.3.3 प्रकाश का सरल रेखा रेखीय गमन-

हमरे देखा है कि बंद कमरे की छत के छेद यादरवाजों की दरार से आने वाला सूर्य प्रकाश सरल रेखा चलता हुआदिखाई देताहैं। वास्तव में प्रकाशीय ऊर्जा तो दिखाई नहीं देती है, परन्तु सूर्य की किरों के मार्ग में अपने वाले धूल के कण सरल रेखा में चमकते हुए दिखाई देते है। लकड़ी के एक टुकड़े पर लगे तीन पुट्ठों जिनमें समान ऊपर एक एक बारीक छेद हो उसके सामने मोमबत्ती जलाकर रखते हैं। तीसरे पुट्ठे के पीछे से देखने पर मोमबत्ती की लौ दिखाई देती है। तीन में से किसी भी पुट्ठे को थोड़ा सा एक ओर बाजू में हटा दे तो लौ दिखायी नहीं देती है। इसका कारण छेद का सरल रेखा में न होना है। इससे निष्कर्ष निकलता है। कि प्रकाश सरल रेखा में गमन करताहै।



प्रकाश का सरल रेखायें गमन

5.3.3.1 पारदर्शी -

वे पदार्थ जिनमें से प्रकाश सरलता सवे पार जा सकताहै। अर्थात जिनमें से होकर हम देख सकते हैं पारदर्शी कहलाते है। जैसे कांच हवा पानी आदि।

5.3.2.2 अपरादर्शी -

वे पदार्थ जिनमें से प्रकाश पार नहीं जा सकता अर्थात जिनके पार हम नहीं देख सकते, अपारदर्श कहलाते है। जैसे लकड़ी , पत्थर लोहा आदि।

5.3.3.3 अल्प पारदर्शी-

वे पदार्थ जिनमें से प्रकाश का कुछ भाग पार जा सके तथा कुछ शोषित हो जाए अल्प–पारदर्शी कहलाते है। जैसे लकड़ी, पत्थर, लोहा आदि।

छाया (Shadow)

जब हम धूप व चांदनी रात में खड़े रहते हैं तो प थ्वी हमारी छाया बनती है। इसी प्रकार दीपक के नीचे उसकी छाया के कारण अंधेरा रहताहै। छाया कैसे बनती है। आइयेइन चित्रों को देखें–

चित्र क्रमांक 4 में प्रकाश के स्त्रोत से अपारदर्शी वस्तु AB छोटी है । इस दशा में AB की छाया AB छोटी है। पर्दा AB से जितनी अधिक दूर जायेगा छाया छोटी होती चली जाएगी। एक ऐसी स्थिति आयेगी जब छाया बिल्कुल नहीं बनेगी। यही कारण है कि पतंगे एवं पक्षी से अधिक ऊंर्चा परउ़ने से प थ्वी पर उनकी छाया नहीं बनती है। चित्र 5 में प्रकाश के स्त्रोत से अपारदर्शी वस्तु बड़ी होने से उसकी छाया का आकार AB भी वस्तु AB से बड़ा होगा। पर्दा दूर होने पर छाया बढ़ती जाएगी। इस प्रकार छाया का बनना तीन बातों पर निर्भर करता है। (1) प्रकाश स्त्रोत का आकर (2) अपारदर्शी (3) वस्तु एवं पर्दे के बीच की दूरी।



छाया का बनना

5.3.3 ग्रहण

मान्यता कि राहु एवं केतु के कारण ग्रहरण होते हैं। वास्तव में सूर्य ग्रहण एवं चन्द्र ग्रहण छाया के बनने का ही परिणाम है। हम चन्द्र ग्रहण एवं सूर्य ग्रहण को चित्रों की सहायता से समझने का प्रयत्न करते है।

चन्द्र ग्रहण -

चित्र को ध्यानपूर्वक देखने पर हम पाते हैं कि–

(1) सूर्य, चन्द्रमा और प थ्वी एक ही रेखा में है। चन्द्रमा प थ्वी काचक्कर लगाता है।, और प थ्वी सूर्य का।

(2) सूर्य और चन्द्रमा के बीच प थ्वी के आ जाने के चन्द्रा छायावाले भाग में आकर दिखाई नहीं देता।

(3) जब चन्द्रमा छाया (मुख्य) में होता है। तो पूर्ण चन्द्र ग्रहण और जब चन्द्रमा का कुछ भाग छाया एवं कुछ उपछाया में हो तो तब आंशिक चन्द्र ग्रहण होता है।

सूर्य ग्रहण (Solar Eclipse)



चित्र को ध्यानपूर्वक देखने पर हम पाते है। कि सूर्य ग्रहण के समय

(i) सूर्य, चन्द्र और प थ्वी तीनों एक ही सरल रेखा में है।

(ii) सूर्य और प थ्वी के बीच चन्द्रमा के आने से चन्द्रमा की छाय प थ्वी पर पड़ती है।

प थ्वी के लिए भाग में छाया पड़ती है उस भग के लोगों को सूर्य दिखाई नहीं देता है। यही सूर्य ग्रहण है।

(2) सूर्य ग्रहण केवल उसकी अमावस्या को होते हैं जिस अमावस्या पर सूर्य चन्द्र और प थ्वी तीनों एक ही सीधा में होते है।

5.3.4 प्रकाश का परावर्तन (Reflection of light) -



सूर्य ग्रहण

हमने देखा है कि समतल दर्पण को सूर्य प्रकाश में रख्ने पर प्रकाश की किरण पार न जाकर उसी ओर लौट आती है। यही प्रकाश कापरापर्तन है।

जब प्रकाशकी किरण किसी माध्यम से चलकर किसी दूसरे माध्यम की चमकदार सतह से टकराकर उसी माध्यम में वापिस ले आत है। तो उसे प्रकाश का परावर्तन कहते है।

नीचे दिये गये चित्र को देखकर प्रकाश के परावर्तन को आओ समझें चित्र में

प्रकाश का परावर्तन

(1) PO आपती किरण और OQ परावर्तित किरण है।

(2) ON आपती किरा है, जो दर्पण की सतह पर लम्ब है।

(3) दर्पण xy है।

(4) PON आपति (आपतन) कोण व NOQ परावर्तन कोण है।

परावर्तन के नियम (Laws of reflection)



चित्र क्रमांक 5 के आधर परहम निम्नलिखित परावर्तन के नियम प्रतिपादित कर सकते हैं ।

(1) आपतन का कोण और परावर्तन का कोण सदैव बराबर होते है।

(2) आपति किरण, पावर्तित किरण और अभिलम्न रेखा तीनों एक ही तल में तथा एक ही बिन्दु पर होते है। परावर्तन के नियमों का दैनिक जीवन काएक उदाहरण चित्र 5.10 में दिया गया है। दर्पण के सामने A,B,C,D, चार व्यक्ति खड़े हैं दर्पण में A,C को भी केवल एक दूसरे काप्रतिबिम्ब दिखाई देता है।

गोलिय दर्पण में परावर्तन (Laws of Reflection)-

(1) नीचे दिये गये दो गोलीय दर्पणों में से एक में बड़ा व दूसरे में छोटा प्रतिबिम्ब दिखाई देताहै। ऐसा क्यों होताहै। आओ चित्र देखकर समझें चित्र 10 में गोलीय दर्पण की उभरी हुई सतह पर पॉलिशहै अतः यह एक अवतल दर्पण है।

(2) C दर्पण वक्रता केन्द्र है। दर्पण किसी गोले का भाग है, अतः गोले का केन्द्र ही दपर्णन का वक्रता केन्द्र होता है।

गोलीय दर्पण



वस्तु का प्रतिबिम्ब

(3) दर्पण और C की दूरी OC का मध्य बिन्दु F उसकी नाभि व फोकस दूरी OF कहलाती है।

(4) वस्तु AB दर्पण में पास से देखने पर बड़ा एवं सीधा प्रतिबिम्ब दिखायी देताहै। लेकिन दूर रखने पर ऐसा नहीं होता है।

(5) चित्र 5 में गोलीय दर्पण है इसकी दबी हुई सतह पर पॉलिश किया होताहै। अतः यह उत्तर दर्पण है।

(6) दर्पण का वक्रता केन्द्र व नाभि ऋणात्मक दिशा में स्थित है।

(7) वस्तु AB का छोटा और सीधा प्रतिबिम्ब A "B" बनता है।

इस प्रकार उत्तर दर्पण में देखने पर सदैव छोटा प्रतिबिम्ब दिखायी है।

5.3.5 प्रकाश काअपवर्तन (Reflection of light) -

हमरे देखा है कि प्रकाश सरल रेखा में चलताहै परन्तु यदि प्रकाश पारर्दी वस्तु में प्रवेश करताहै। तो उसकी दिशा बदल जाती है।

यही प्रकाश का अपवर्तन है।

आओ प्रकाश के अपवर्तन को इसचित्र की सहायतासे समझें।

इस चित्र में प्रकाश की किरण एक माध्यम (हवा) से दूसरे माध्यम (कांच) में तथा ब में कांचसे हवा में आती है। (कांच का हवा से घनत्व अधिक है अतः कांच सघन औरहवा विरल है।) चित्र अ में



प्रकाश का अपवर्तन

(1) जब प्रकाश की किरण विरल (हवा) माश्यम से सघन माध्यम (कांच) में जाती है। तब वह अभिलंब की ओर झुक जाती है।

(2) यहा AO आपाति किरण और OB अपवर्तित किरण है।

चित्र 'ब' में

(1) जब प्रकाश की किरण सघन माध्यम (कांच) से विरल (हवा) में जाती है।

(2) यहां AO आपत्ति किरण और OB अपवर्तित किरण तथा ON अभिलंब है।

5.3.6 लेस में अपवर्तन (Reflaction in lens)

हमने प्रकाश का अपवर्तन उस स्थिति में देखा था, जहां माध्यम को अलग करने वाली सतह समतल भी यदि माध्यम को प थक करने वाली सतह यदि गोलीय हो तो अपवर्तन किस प्रकार होता है ? आओ समझे चित्र। 13 में।

(1) कांच की सतह बीच से दबी हुई और किनारों पर मोटी है यह अवतल लेंस है।

(2) अवतल ताल की नाभि F पर तथा ताल और F को दूरी फोकस दूरी कहलाती है।



लेंस **लेंस के अपवर्तन**

(3) अवतल लेंस के सम्मुख रखी वस्तु AB का छोटा प्रतिबिम्ब A 'B' दिखायी देता है।

चित्र 14 में

(1) कांच की तरह बीच में मोटी तथा किनारों परएक दम पतली होती है। इसे उत्तल कहते है।

(2) उत्तल लेंस के सम्मुख पास कि वस्तु AB का बड़ा प्रतिबंब बनाता है। अतः पास की वस्तु को बड़े रूप में देखने के लिए उत्तल लेंस का उपयोग किया जाता है। इस लेंस से सूर्य किरणों को एक बिन्दु पर केन्द्रित करने पर आग लग जाती है। अतः लेंस को आतशी शीशा भी कहते है।

5.3 सरल सूक्ष्मदर्शी (Simple Microscope)

हमने देखा है कि उत्तल लेंस से देखने पर वस्तु बड़ी दिखायी देती है। यहीं उत्तर लेंससरल सूक्ष्मदर्शी कहलाता है। आओ चित्र देखकर समझने का प्रयत्न करते हैं।

चित्र में सिर के बाल AB का बड़ा प्रतिबिंब A 'B' दिखायी देता है। सिर का बाल भी एक काफी बड़े आकार का दिखायी देता है।

इसका कारण वहीं है, जो चित्र क्रमांक 14 में दर्शाया गया है।

नंगी आंखों से न दिखाई देने वाले जीवाणुओं को देखने के लिए यौगिक (संयुक्त) सूक्ष्मदर्शी का उपयोग किया जाता है। जिसकी जानकारी विज्ञान की पाठयपुस्तकों से मिल सकती है।

5.3.8 दूरदर्शी (Telescope)

हमने देखा कि दूर की वस्तुओं को जब आंख से देखते हैं, तब वे छोटी दिखायी देती है। दूरी अधिक बढ़ने से उनको नहीं देखा जा सकता । ऐसी दूर की वस्तुओं , आकाशपिण्डों देखने के लिए दूरदर्शी का उपयोग किया जाता है। सन् 1900 में सर्वप्रथम गैलिलियो ने आकाश पिण्डों को देखने के लिये दूरदर्शी की संरचना की थी। एक दूरदर्शी की कार्य प्रणाली को नीचे दिये गये चित्र में समझाया गया है। आओ इसे समझें–

इस चित्र में

(1) इस चित्र में दो लेंस A और B लेंस लेंस वस्तु की ओर होता है। इसे अभिद श्यक लेंस कहते है। लेंस मे से हम देखते हैं अतः इसे नेत्रक लेंस कहते है।

(2) दूर की वस्तु से टकराकर आने वाली प्रकाश किरणों के अभिद श्यक में से गुजरने

(3) नेत्रक में से देखने पर xy का आवर्धित प्रतिबिंब x 'y' बनता है।



दूरदर्शी में अभिद श्यक और नेत्रक के बीच की दूरी को अधिक या कम करने की व्यवस्था होती है। जिससे स्पष्ट व बड़ा प्रतिबिंब वन सकें।

द ष्टि दोष-

कुछ व्यक्ति जिनके नेत्र लैंस बहुत अधिक वक्र हो जाते हैं, दूर की वस्तुओं को नहीं देख सकते है। उनके नेत्र लैंस की फोकस दूरी अत्यधिक कम होती है। ऐसी स्थिति में दूर की वस्तु का प्रतिबिम्ब द ष्टिपटल पर नहीं बनता बल्कि उसके सम्मुख एक बिन्दु पर बनता है। इस प्रकार की द ष्टि का दोष निकटद ष्टिता या मायोपिया कहलाता है। इस दोष को दूर करने के लिए चश्में में अवतल लैंस जो किरणों को अपसारित करकेनेत्र पटल पर केंद्रित करता है। इस्तेमाल करते है।

कुछ व्यक्ति इसके विपरीत दोष से पीड़ित होते हैं वे निकट की वस्तुओं कोनहीं देख सकते हैं क्योंकि उनके नेत्र लैंस तन जाते हैं जो उनकी फोकस दूरी को बढ़ा देते हैं जिससे निकट की वस्तुओं के प्रतिबिम्ब द ष्टिपटल के पीछे बनतेहै। यह दोष द ष्टिता या हाइपरमेट्रोपिया कहलाता है। इस दोष को उत्तल लैंस लगे चश्में का उपयोग कर दूर किया जा सकता है। लैंस किरों को समुचित रूप से मोड़कर द ष्टिपटल पर केंद्रितह करते है। चित्र में नेत्र लैंस के द्वारा बनने वाले प्रतिबम्ब पर विभिन्न प्रकार के लैंस लगे चश्मों का प्रभाव दर्शाया गया है।



(अ) **निकट द ष्टि दोष एवं चश्में का प्रभाव**

(ब) **दूर द ष्टि दोष एवं चश्मे का प्रभाव**

प्रश्न 1 प्रकाश किसे कहते है। एवं एक प्रयोग लिखो, जिससे सिद्ध होता है कि प्रकाश सरल रेखा में गमन करता है।

प्रश्न2 प्रकाश के परावर्तन के नियम सचित्र समझाओं।

उत्तर संकेत

उत्तर 1 देखें अनुच्छेद क्रमांक 5.3.3

उत्तर 2 देखें अनुच्छेद क्रमांक 5.3.4

5.4 ध्वनि–ध्वनि की उत्पत्ति, ध्वनि का संचरण प्रबलता एवं तारत्व, ध्वनि परावर्तन प्रतिध्वनि, सुस्वर–ध्वनि, ध्वनि–प्रदूषण, ध्वनि ऊर्जा के रूप में

5.4.1 ध्वनि- – ध्वनि वह ऊर्जा है, जिसकी सहायता से हमें कानों द्वारा सुनाई देता है।

5.4.2 ध्वनि की उत्पति-

ध्वनि का उत्पादन करने के लिए कम्पन उत्पन्न करना आवश्यक होता है। माउथ आर्गन में जीभ के द्वारा एवं जल – तरंग में जल से भरे प्याले को डंडी के द्वारा कम्पन्राउत्पन्न कर ध्वनि का उत्पादन किया जाता है।

5.4.3 ध्वनि का संचरण

जब कोई वस्तु कम्पन करती है तो निकट वायु कणों में कम्पन उत्पन्न करती है। ये कण अपने आगे के कणों को भी कंपित कर देते हैं जब ये कंपन हमारे कान तक पहुंचने हैं तो इन्हें हम ध्वनि के रूप में सुनते हैं। यदि कंपायमान वस्तु और हमारे कानों के बीचवायु न होती है। तो हम किसी प्रकार की ध्वनि नहीं सुनपाते अर्थात् ध्वनि को एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाने के लिए माध्यम की आवश्यकता होती है। ध्वनि किसी भी माध्यम ठोस, द्रव और गैस में होकर जा सकती है। परन्तु ध्वनि निर्वात में नहीं जा सकती है।

5.4.4 प्रबलता एवं तारत्व

प्रत्येक कम्पन या दोलन का एक निश्चित आयाम और आव त्ति होती है। आयाम से यह पता चलता है। कि कोई वस्तु अपनी मध्य स्थिति से कितनी अधिकतम दूरी तक जाती है। आव त्ति सेयह पता चलताहै। कि वस्तु अपनी गति को कितनी तेली से दोहराती है। ध्वनि की प्रबलता ध्वनि के उद्गम के कंपनों के आयाम पर निर्भर करती है।

तारत्व का वह गुण है, जिसके कारण समान तीव्रता की दो भिन्न–भिन्न ध्वनियों में अंतर किया जा सकता है। तारत्व के कारण ही हम महिला और पुरूष की आवाज का पहिचन लेते है। महिला और बच्चों की आवाज पतली होती है। क्योंकि उसका तारत्व अधिक होता है। मोटी भारी आवाज का तारत्व कम होता है।

2.4.5 ध्वनि परावर्तन

जब कोई व्यक्ति बंद कमरे में हमसे बातें करता है। तो आवाज सभ्झी दिशाओं में फैल जाती है। कुछ ध्वनि तरंगे हमारे कान तक सीधी पहुंचती है। और कुछ दीवार से टकराती है। दीवार से टकराने वाली आवाजे भी परिवर्तित होकर हमारे कानों तक पहुंचती है। ध्वनि के इस प्रकार किसी सतह टकराकर लिशा बदलने को परावर्तन कहते है।

5.4.6 प्रतिध्वनि का ध्वनत -

ध्वनि तरंगों का सामान्य गुण है। प्रायः पहाड़ों, गहरे कुंओं तथा बड़ी–बड़ी इमारतों में मूल ध्वनि के अलावा थोड़ी देर बाद वैसी ही ध्वनि सुनाई पड़ती है। इसे प्रतिध्वनि के हमारे कानों तक पहुंचने में कम से कम 1ध्15 सेंकड का अंतर होने पर ही प्रतिध्वनि सुनाई पड़ती है।

5.4.7 सस्वर ध्वनि

दैनिक जीवन में हम कई प्रकार की ध्वनियां सुनते हैं इनमें कुछ हमारेकान को सुनने में अच्छी लगती है।, इन्हें सुस्वर ध्वनि या संगीत ध्वनि कहते हैं। वे ध्वनियां जो सुनने में अच्छी नहीं लगती है। इन्हें कोलाहल या शोर कहते हे।

वह ध्वनि जो नियंत्रित कम्पनों से उत्पन्न होती है।, संगीत ध्वनि तथा अनियंत्रित कम्पनों से उत्पन्न ध्वनि और शोर या कोलाहल कहलातीह है।

5.4.8 ध्वनि प्रदूषण

जब ध्वनि के कारण हमारे दैविक जीवन की गतिविधियों में व्यवधान उत्पन्न होने लगता है तो इसे कोलाहल या शोर कहते हैं यह ध्वनि प्रदूषण हमारे सुनने की प्रक्रिया में व्यवधान उत्पन्न करता है। तीव्र शोर हमारे श्रवण में अवरोध उत्पन्न कर देताहै। कभी–कभी इससे बहापन भी हो सकता जाता है। इसे हमारी शरीरिक क्रियाकलापों में व्यवधान उत्पन्न हो जाता है। ध्वनि प्रदूषण हमारे सामाजिक व्यवहार को भी प्रभवित करता है। वे लोग जो अधिकतर तीव्र शोर में रहते ाहै। वे लोग जो अधकतर तीव्र शोर मेंरहते हैं बहुधा असामान्य सामाजिक व्यवहार दर्शाते है।

पाठगत प्रश्न

प्रश्न 1 ध्वनि किसे कहते है।

प्रश्न 2 ध्वनि प्रदूषण पर संक्षिप्त टीप लिखो।

उत्तर संकेत

1 देखें अनुच्छेद क्रमांक (5.4.1)

2. देखें अनुच्छेद क्रमांक (5.4.8)

उप इकाई (इ)

चुम्बक - चुम्बकीय ऊर्जा, प्राकृतिक व कृत्रिम चुम्बक, चुम्बकीय विद्युत चुम्बक, फर्थिव चुम्बक चुम्बक एवं चुम्बकीय ऊर्जा (Magnet and Magnetic Energy)

हमने देखा है कि कचे में से लोहे की बारीक कणों को अलग करने, किसी लोह वस्तु को लोहे पर चिपकाने, दिशाओं का पता लगाने के लिए जिस वस्तु का उपयोग करते हैं वह चुम्बक होता है। चुम्बकीय ऊर्जा वह ऊर्जा है, जिसके द्वारा लौह वस्तुओं को अपनी ओर आकर्षित किया जाता है। चुम्बक के प्रकार (Kinds of Magnet)

चुम्बक दो प्रकार के होते है। (1) प्राकृतिक (2) कृत्रिम

5.5.1 प्राकृतिक चुम्बक -

एशिया माइनर के मैगनेशिया नामक स्थान में गहरे भूरे रंग का एक खनिज पाया जाता है, जो स्वंत्र रूप से लटकाने पर उत्तर–दक्षिण दिशा में ठहरा जाता है। तथा लौह वस्तुओं को अपनी ओर आकर्षित कर लेता है। यही खनिज पत्थर प्राकृतिक चुम्बक कहलाता है।

कृत्रिम चुम्बक –

ये वे चुम्बक है, जिन्हें कृत्रिम विधि से बनाया गया है। कुछ कृत्रिम चुम्बकों के चित्र निम्नानुसार है–

दण्ड चुम्बक- एक आयताकार मोटी लोहे की पट्टी के आकार का होता है, जिसके दो द्रुव N उत्तरी द्रव और S दक्षिणी द्रुव होते हैं।



दण्ड चुम्बक बेलन चुम्बक नाल चुम्बक विद्युत चुम्बक

बेलन चुम्बक - यह एक बेलन के आकार होता है। इसके N और S दो होते हैं। यह चुम्बक, घोड़े की नाल के आकार का होता है । इसके भी दो ध्रुव N ओर S होते है।

विद्युत चुम्बक- यह नर्म लोहे की छड़ (सीधा या नाल के आकार की) वारनिश लगा तांबेका तार लपेटकर, जब तार में विद्युत प्रवाहित करते हैं, तब लोहे की छड़ में चुम्बकीय ऊर्जा उत्पन्न हो जाती है। विद्युत चुम्बक का उपयोग विद्युत घंटी, तार यंत्री, मोटर आदि उपकरणों में कहते हैं।

पार्थिव चुम्बक - प थ्वी की तरह व्यवहार करती है, इसे पार्थिव चुम्बक कहते हैं।

5.5.2 चुम्बकीय गुण

चुम्बक के गुणों का पता लगाने के लिये आओ हम करके देखें–

(1) चुम्बक लेकर उसके पास लोहा, निकल, कोबाल्ट आदि धातुएं लायें। हम देखते हैं, कि इन पदार्थो को चुम्बक आकर्षित कर लेता है। चुम्बकीय पदार्थ (लोहा, निफल, कोबाल्ट) को आकर्षित कर लेता है।

(2) किसी चुम्बक को बीच में धागे से बांध कर लटकाएं। देखते है। कि चुम्बक एक निश्चित दिशा में ठहरा रहता है। अतः स्वतंत्र रूप से हुआ चुम्बक उत्तर दक्षिण में ठहरा रहताहै। अतः स्वतंत्र रूप से लटका हुआ चुम्बक दक्षिण दिशा बतलाता है। चुम्बक के इस गुण का उपयोग कम्पास नीडिल बनाकर दिश ज्ञात किया जता है।

(3) एक दण्ड चुम्बक को स्वतंत्रता से लटकाएं। इसके N ध्रुव के सामने दूसरे दण्ड चुम्बक का N ध्रुव लाने परपहला चुम्बक दूरहट जाता है। इस प्रकार लटके हुए चुम्बक के S ध्रुव के समान दूसरे चुम्बक का ध्रुव लाकर दें तो चुम्बक दूर हो जाता है। अतः चुम्बक के S समान ध्रुव प्रतिकर्षित करते है।

(4) पूर्व में लटके हुए चुम्बक के ध्रुव N के सामने दूसरे चुम्बक का ध्रुव लाकर देखें। इसी प्रकार पहले चुम्बक के ध्रुव S के समान दूसरे चुम्बक का N ध्रुव लाकर देखें। दोनों दशाओं में पहला चुम्बक दूसरे से आकर्षित हो जाता है। अतः विपरीत ध्रुव एक दूसरे को आकर्षित करते है।

(5) दण्ड चुम्बक के एक ध्रुव से कील चिपकाएं अब इस कील के पास दूसरी कली लाएं। इसी प्रकार कम देखते है। कि कीलें चिपककर एक श्रंखला बनाती है। तथ प्रत्येक कीलों पद N तथा S "ुव बनता जाता है।



इसी

पाठगत-प्रश्न

प्रश्न 1. प्राक तिक एवं क त्रिम चुम्बकं से आप क्या समझते है,लिखें।
प्रश्न 2. चुम्बक के चार गुण लिखो।

उत्तर संकेत

उत्तर 1. देखें अनुच्छेद क्रमांक (5.5.1)
उत्तर 2. देखें अनुच्छेद क्रमां**क** (**5.5.2**)

उपइकाई (प)

विद्युत आवेश,समान व असमान आवेश,आकर्षण के नियम विद्युतदर्शी,चालक एवं कुचालक,विद्युतधारा के स्त्रोत, शुष्क सेल,संचायक सेल,सरल एवं प्रत्यावर्ती धारा,विद्युत परिपथ विद्युत धारा के प्रभाव,ऊर्जा के वैकल्पिक स्त्रोत,फासिल ऊर्जा, सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, ऊर्जा की मितव्ययिता–

5.5 विद्युत ऊर्जा

विद्युत ऊर्जा एक ऐसी ऊर्जा है जिसका हमारे जीवन में अत्यधिक उपयोग होता है आओ हम विद्युत ऊर्जा व उनके महत्व को जानें।

5.5.1 विद्युत आवेश (Electric Charge)

हमने देखा है कि कंघे को सूखे बालों पर फिराने से उसमें हल्के तिनको या कागज के टुकड़ो के आकर्षित करने का गुण आ जाती है इसी प्रकार कांच की छड़ को रेशम के कपड़े से रगड़ने पर भी यही गुण कांच की छड़ में आ जाता है कंघे और कांच की छड़ में विघुत आवेश होने से वे अनावेशित वस्तुओं की अपनी ओर आकर्षिक कर लेते है। यह मान लिया गया है कि–

(1) कांच की छड़ को रेशम के कपड़े से रगड़ने पर एबोनाइट की छड़ में ऋण विद्युत आवेश आता है।

यदि हम धन विद्युत से आवेशित कांच की छड़ को मध्य में लटका दें और उसके पास दूसरी धन विद्युत से आवेशित छड़ लाएं तो पहली छड़ दूसरी से दूर हट जाती है। यही परिणाम ऐबोनाइट की छड़ के साथ प्रयोग करने पर मिलता है। अतः समान आवेश एक दूसरे को आकर्षित करते है।

परन्तु धन आवेशित कांच की छड़ के पास ऋण आवेशित एबोनाइट की छड़ को मध्य से लटका दें और उसके पास दूसरी धन विद्युत से आवेशित छड़ लाएं तो पहली छड़ दूसरी से दूर हट जाती है। यही परिणाम ऐबोनाइट की छड़ के साथ प्रयोग करने पर मिलता है। अतः समान आवेश एक दूसरे को प्रतिकर्षित करते है।

5.5.2 विद्युत चालक एवं विद्युत-रोधी (Conductors and Insulators)

पहले यह माना जाता था कि धातुओं को रगड़ कर आवेशित नहीं किया जा सकता परन्तु तांबे की छड़ से लकड़ी का हैन्डल लगाकर पकड़े और के कपड़े से रबड़ तो उसमें भी हल्के तिनकों व कागज के टुकड़ो को आकर्षित करने का गुण आ जाता है। इसका कारण यह है कि हाथ से सीधे सम्पर्क में आने से आवेश शरीर द्वारा प थ्वी में चला जाता था। इस प्रकार विद्युत चालक के पदार्थ हैं जिनमें से विद्युत धारा का संचरण सरलता से होता है जैसे तांबा लोहा एल्यूमिनियम।

वे पदार्थ विद्युत रोधी कहलाते हैं जिनमें से विद्युत का संचरण एक सिरे से दूसरे सिरे तक नहीं हो पाता है। जैसे प्लास्टिक रबर लकड़ी आदि। सोचिये का काम करने वाले रबर के दस्ताने व जूते क्यों पहनते है।

5.5.3 विद्युत दर्शी (Electro Scope)

किसी वस्तु में विद्युत आवेश है या नहीं? इस बात का पता लगाने के लिये विद्युतदर्शी का उपयोग किया जाता है चित्र में एक स्वर्ण–पत्र विद्युतदर्शो दिखाया गया है।

हम देखते हैं कि स्वर्ण पत्र विद्युत दर्शी पीटल की एक प्लेट से जुड़ी छड़ के दूसरे सिरे पर सोने की दो पत्तियां जुड़ी रहती है यह छड़ एक कार्क की सहायता से बोतल/बेलजार में लगी रहती है।

धनआवेशित कांच की छड़ जब पीतल की प्लेट प्लेट से स्पर्श की जाती है तब छड़ का धन आवेश दोनों पत्तियों में आ जाता है।

5.5.4 धारा विद्युत (Current Electicity)

घरों में विद्युत प्रकाश उपकरणों एवं मशीनों को चलाने के लिए धारा विद्युत का उपयोग किया जाता है। विद्युत आवेश के प्रवाह को धारा विद्युत कहते है।

चालक एवं कुचालक-

प्रायः हम धातु के तारों का उपयोग विद्युत धारा के पथ प्रदान करने में करते है। धारा के तार के अतिरिक्त कुछ पदार्थ स्वयं में से विद्युत धारा प्रवाहित नहीं होनें देते। इन पदार्थो को विद्युत कुचालक कहते है। उन पदार्थो को जिनसे बने तारों में से होकर विद्युत–धारा प्रवाहित होती है, उन्हे विद्युत सुचालक कहते है।



विद्युत चालकता ज्ञात करने की विधि

परम्परानुसार विद्युत धारा की दिशा वही मानी गई है जिस ओर धन का आवेश प्रवाहित हो रहा है। वोल्टीय सेल के दिये गये चित्र में विद्युत धारा की दिशा तांबे की प्लेट से जस्ते की प्लेट से तांबे की प्लेट की ओर होती है। यही पूर्ण विद्युत परिपथ है।

5.5.5 धारा विद्युत के स्त्रोत (Source of Current Electricity)

(1) प्राथमिक सेल, जिनमें रासायनिक क्रिया द्वारा उत्पन्न होती है।

(2) सेकन्डरी सेल, जिनमें चार्ज करके विद्युत का संग्रह किया जाता है।

(3) जनरेटर जो चुम्बकीय ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित कर देता है।



शुष्क सेल

चित्र – 5.21

5.5.6 शुष्क सेल (Dry Cell)

प्रश्न क्रमांक 11 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। इनके उत्तर प्रश्न के नीचे दिये गये स्थान पर ही हल करना है। यदि और स्थान की आवश्यकता हो तो अतिरिक्त प ष्ठ लगावें।

(1) पीतल की टोपी सहित कार्बन की छड़।

(2) जस्ते का खोल।

(3) **काला**-सफेद पाउडर सेल की रचना और कार्य विधि का समझने के लिए चित्र क्रमांक 24 को ध यान से देखिए। इस सेल में जस्ते की खोल की भीतरी सतह पर प्लास्टर ऑफ पेरिस, नौसादर (NH_4Cl) और जिंक क्लोराइड ($Zncl_2$) की गाढ़ी नम लेई की परत चढ़ी होती है। बीच में कार्बन की छड़ रखकर उसके आसपास नौसादर, मैगनीजडायक्साईड और जिंक क्लोराइड की लेई भरकर ऊपर से चमड़ी से सील कर देते है। सील करने से सेल की नमी नष्ट नहीं होती है।

या कभी सामप्त नहीं होती है और भागफल में अंको की पुनराव त्ति होती है उसे असान्त दशमलव कहते है। आव त्ति वाले अंक के सिरे पर बिन्दु लगाकर लिखीए।

5.5.7 द्वितीयक सेल (Secondary Cell)

प्राथमिक सेल के एक बार इस्तेमाल होने पर उनको दोबारा काम में नहीं लाया जा सकता है। सन 1889 में प्लांटों ने एक ऐसा सेल बनाया जिसमें विद्युत ऊर्जा प्रवाहित कर ऊर्जा को रासायनिक ऊर्जा को संचित कर लेते है। यह संचित रासायनिक ऊर्जा विपरीत रासायनिक क्रिया द्वारा विद्युत ऊर्जा को मुक्त करती है। इसी आधार पर सीसी संचयक,सेल कार्य करता है, जिसमें आवेशित करने ने खर्च की गई विद्युत धरा का 60% से



द्विनीयक सेल

80% विद्युत पुनः प्राप्त हो जती है। चित्र क्रमांक 25 में सीसा संचायक सेल को दर्शाया गया है। सीसा संचायक सेल कांच या प्लास्टिक का बना होता है। इस पर लगे ढक्कन में देा ध्रुव धन और ऋण से दो प्लेटे लटकी रहती है। ढक्कन में छेद होता है, जिससे सेल में तुन गंधकाम्ल भरा जाता है। प्लेटे सीसे की मोटी छड़ो की बनी होती है, जिसके बीच की खाली जगहों में लिथार्ज या लेड आक्साइड भरा रहता है। प्रारम्भ में दोनों प्लेटों पर लेड सल्फेट होता है। सेल को आवेशित करने के लिए उसके धन ध्रुव तो ध न विद्युत व ऋण ध्रुव को ऋण विद्युत से जोड़ने पर प्लेटों पर सीसा जमा हो जाता है। इस प्रकार इस सेल को बार–बार आवेशित कर बार –बार उपयोग करते रहते है।



5.5.8 सरल एवं प्रत्यावर्तित धारा

सरल विद्युत धारा वह है जिसका परिणाम च दिशा परिवर्तित नहीं होता है। यह खतरनाक नहीं होता है। जैसे सेल द्वारा उत्पन्न विद्युत धारा प्रत्यावर्ती विद्युत धारा वह है, जिसकी दिशा लगातार बदलती रहती है। इसका परिणाम भी बदलता है। यह विद्युत धारा खतरनाक होती है। ट्रान्सफार्मर के द्वारा इस विद्युत धारा का वोल्टेज बढ़ाया या घटाया जा सकता है।

5.5.9 ट्रान्सफार्मर (Transformer)

वर्तमान में हम अनेक स्थानों पर ट्रान्सफार्मर लगे देखते है। इनके द्वारा उच्च वोल्टेज वाली विद्युत धारा को आवश्यकतानुसार कम वोल्टेज वाली विद्युत धारा में बदलने पर उसे अपचायी ट्रान्सफार्मर कहते है। जब ट्रांसफार्मर के द्वारा कम वोल्टेज की विद्युत धारा को अधिक वोल्टेज वाली विद्युत धारा में बदला जाता है तब वह ट्रान्सफार्मर उपचायी कहलाता है।

ट्रान्सफार्मर में क्रीड (बन्द तरल लौह वलय) होता है, जिस पर दो कुण्ड लिया मुख्य एवं गौण लगी होती है। कुण्डलियां नर्म लोहे के द्वारा एक दूसरे से प थक रहती है। उपचायी ट्रान्सफार्मर की मुख्य कुण्डली पर तांबे के पतले तारों के कई फेरे होते है।

अपनायी ट्रान्सफार्मर को मुख्य कुण्डलों में पतले तारों के कई फेरे और गौण कुण्डली में मोटे तारों के कुछ फेरे होते है।

विद्युत परिपथ

विद्युत–धारा के प्रवाहित होने के मार्ग को परिपथ के रूप में जाना जाता है। इलेक्ट्रॉन, बैटरी के ऋण सिरे से तार और बल्ब में से होते हुए धनात्मक सिरे पर पुनः बैटरी में प्रवेश करती है। यदि एक भी सिरा बैटरी से विच्छेदित हो जाता है तो परिपथ टूट जाता है, और धारा प्रवाहित होना बंद हो जाता है।

5.5.10 विद्युत ऊर्जा के वैकल्पिक स्त्रोत (Non-Traditional Source of Electricity)

विद्युत ऊर्जा के अधिकारिक उपयोग के कारण विद्युत की प्रायः कमी बनी रहती है। इस द ष्टि से

ऊर्जा के वैकल्पिक स्त्रोत की खोज एवं विकास आवश्यक हो गया है। आइये ऊर्जा के कुछ वैकल्पिक स्त्रोतों पर विचार करें।

विद्युत धारा के प्रभाव

ऊष्मीय प्रभाव-

जब कभी भी विद्युत–धारा किसी पदार्थ में प्रवाहित होती है तो उसकी ऊर्जा का पूर्ण या आंशिक भाग ऊष्मा में परिवर्तित हो जाता है, परिणाम स्वरूप वह पदार्थ, जिसमें सये धारा प्रवाहित हो रही है, गर्म हो जाता है। ऊष्मीय आयरन टोस्टर और वेल्डिग छड़ इसके उदाहरण है।

रासायनिक प्रभाव-

जब जल में विद्युतधारा प्रवाहित की जाती है, तब वह अपने दोनों घटक हाइड्रोजन और आक्सीजन गैस में विभक्त हो जाता है। विद्युत–धारा की क्रिया से रासायनिक यौगिक का टूटना विद्युत अपघटन कहलाता है। रासायनिक यौगिक का घोल हो अपघटित होता है, वह विघुत अपघट्य कहलाता है। घोल में रखी धातु की दो पट्टियां जिनमें होकर विद्युत धारा घोल में प्रवाहित होती है, विद्युताम्र कहलाती है। जब विद्युत अपघट्य में विद्युतधारा प्रवाहित की जाती है, तब वह अपने अवयवी आयनों में विभक्त हो जाता है। धनात्मक आयन ऋणाग्र की ओर आकर्षित होकर उस पर एकत्रित हो जाते है।

चुम्बकीय प्रभाव-

जिस तार में विद्युतधारा प्रवाहित होतो वह एक चुम्बक के समान व्यवहार करता है। जब किसी कुण्डली में धारा प्रवाहित की जाती है तब वह भी एक चुम्बक के समान व्यवहार करती है। इसका एक प ष्ठ उत्तरी ध्रुव और दूसरा प ष्ठ दक्षिणी ध्रुव होता है। यदि कुण्डली में प्रवाहित धारा का मान बढ़ा देते है तो इसकी चुम्बीकय तीव्रता भी बढ़ जाती है।

लोहे के टुकड़े के आसपास लिपटी कुण्डलियों में शक्तिशाली विद्युतधारा प्रवाहित कर शक्तिशाली चुम्बक बनाते है। धारा प्रवााह की दिशा उलटकर विद्युत चुम्बक के ध्रुवों को आपस में बदला भी जा सकता है। धारा प्रवाह रोक देने पर चुम्बक अपना चुम्बकत्व खो देता है।

फॉसिल ऊर्जा (Fossil Energy)

फॉसिल ऊर्जा वह ऊर्जा है जो जीवों एवं वनसप्ति के प थ्वी में वर्षो तक दबे रहने पर जीवाश्म से उत्पन्न होती है इसमे कोयला एवं पेट्रोलियम पदार्थो द्वारा उत्पन्न होने वाली ऊर्जा आती है।

कोयले को जलाकर उष्मीय ऊर्जा प्राप्त करते है। इस ऊष्मीय ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा उत्पन्न करने व अन्य कार्यो में किया जाता है। हमारे यहां कई ताप बिजली घर एन.टी.पी.सी. (राष्ट्रीय उष्मीय ऊर्जा आयोग) द्वारा चलाए जाते है। ये ताप बिजली घर उन स्थानों पर बनाये गये है, जहां कोयला प्रचुर मात्रा मे पाया जाता है।

खनिज तेल (पेट्रोलियम) से प्राप्त डीजल,पेट्रोल एवं कुकिंग गैस के द्वारा विद्युत ऊर्जा उत्पन्न की जाती है इनसे वाहनों को ऊर्जा प्राप्त होता है।

5.5.12 जल ऊर्जा (water Energy)

बड़ी नदियों पर बांध बनाकर पानी को ऊंचाई से गिरने पर उत्पन्न गति ऊर्जा के द्वारा जनरेटरस चला कर बड़ी मात्रा में विद्युत ऊर्जा के द्वारा जनरेटरर्स चला कर बड़ी मात्रा में विद्युत ऊर्जा उत्पन्न की जाती है। यहां पानी सिंचाई कार्य में उपयोग कर लिया जाता है। भारत में भाखड़ा नगल और चम्बल डेम आदि अनेक जल विद्युत परियोजना से विद्युत उत्पन्न करके घर में रोशनी की जाती है, कारखाने चलाए जाते है, और पानी से सिंचाई भी की जाती है।

5.5.13 जैव ऊर्जा

जैव ऊर्जा के अन्तर्गत जैव पदार्थो से उत्पन्न गैस के द्वारा भी खाना पकाने व घर में रोशनी करने के लिए ऊर्जा प्राप्त होती है। इसके लिए पशुओं के गोबर अथवा मानव मल को टैंक में पानी के साथ डाल देते है। इससे उत्पन्न गैस को पाईप के द्वारा चूल्हा जलाकर खाना पकाया जाता है, और रोशनी की जाती है।

5.5.14 सौर ऊर्जा (Solar Energy)

सूर्य प्रकाश से प्राप्त ऊर्जा का वैकल्पिक स्त्रोत है। बडे–बडे सौर पेनल्स सूर्य प्रकाश की ऊर्जा को ग्रहण कर लेते है। इस ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित कर संग्रहित करके इसका उपयोग रोशनी करने व अन्यच उपकरणों को संचालित करने में किया जाता है। क त्रिम उपग्रह भी अपने सौर पेनल्स की सहायता से सौर ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा के रूप में खाना पकाया जाता है। हमारे देश में जहां वर्ष के अधिकांश समय में सूर्य चमकता रहता है, और ऊर्जा का अधिक से अधिक उपयोग किया जाना चाहिए।

6.6.15 पवन ऊर्जा (Air Energy)

वायु भी ऊर्जा का एक रूप है। वायु में अन्तर्निहित पवन ऊर्जा के द्वारा विद्युत उत्पन्न की जाती है। और मशीने चलाई जाती है। जिन क्षेत्रों में हवा निरन्तर गति से बहती है, उन स्थानों में ऊंचाई पर पवन चक्र लगा देते है। हवा की गति से पवन चक्र चलते है, जिनका संबंध डायनेमो से करने पर विद्युत ऊर्जा उत्पन्न की जाती है। भारत में कुछ स्थानों पर पवन ऊर्जा के संयंत्र लगाये गये है। इस ऊर्जा से पानी के पंप भी चलाए जाते है।

5.5.16 ऊर्जा की मितव्ययता

दैनिक जीवन में ऊर्जा की खपत निरन्तर बढ़ती जा रही है, जिससे ऊर्जा की मांग में अत्यधिक व द्धि हुई है। इसका परिणाम ऊर्जा के अभाव के रूप में चारों ओर दिखायी देता है। ऊर्जा के हमारे स्त्रोत सीमित है। कोयला और ,खनिज तेल का भण्डार जल्द ही समाप्त हो सकता है। अतः समय की मांग है कि हम ऊर्जा का उपयोग किफायत से करें तथा ऊर्जा के गैर पारम्परिक स्त्रोंतो का अधिक से अधिक उपयोग करें। इस द ष्टि से सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, जैव ऊर्जा का अधिक से अधिक प्रचार कर उनके उपयोग को बढ़ाया जाना चाहिए। ऊर्जा बचाइये अभियान को जन आंदोलन का रूप देकर सामाजिक चेतना उत्पन्न करने पर ही ऊर्जा संकट से बचने की संभावना हो सकती है।

आत्म परीक्षण प्रश्न

(1) ऊर्जा स्त्रोत के सीमित भण्डार व अधिकतम उपयोग का प्रभाव होगाः
(ऊर्जा का अधिक उत्पादन, ऊर्जा संकट अधिक उन्नति)

(2) समान विद्युत आवेशों का परस्पर व्यवहार होता है?
(आकर्षण, प्रतिकर्षण, उदासीन)

पाठ पुनरावलोकन

कार्य तभी होता है जब बल लगाने पर वस्तु की स्थिति में परिवर्तन हो जाए lw=fxd जहां बल्ब और d विस्थापन है। ऊर्जा बल लगाने की क्षमता हैं। यांत्रिक ऊर्जा दो प्रकार की होती है गतिज ($1/2mv^2$) गति के कारण होती है। एवं स्थितिज ऊर्जा (mgh) वस्तु की स्थिति के कारण होती है। ऊर्जा कभी नष्ट नहीं होती है, उसका रूप बदलता रहता है।

